उज्जैन
रविवार
02
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-270
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 कांवड़ियों ने थाना घेरा, मौलाना जर्जिस अंसारी पर एफआईआर की मांग
7 कॉमनवेल्थ में 7 भारतीय मुक्केबाजों को गोल्ड

## एक्टर धनुष की राजनीति में एंट्री की अटकलें तेज

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में एक्टर धनुष की एंट्री की अटकलें तेज हो रही हैं। सीएम विजय के ज्योतिषी रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल का दावा है कि 2031 के चुनाव में विजय और धनुष की सीधी टक्कर संभव है। धनुष ने अभी राजनीति पर कुछ नहीं कहा है। लेकिन, हाल में एक फिल्मी कार्यक्रम में हजारों प्रशंसकों से कहा- यह एकजुटता सिर्फ फिल्मी आयोजनों तक न रहे। अपने क्षेत्रों में जनसेवा करें। धनुष ने अपने 43वें जन्मदिन पर गरीबों को मुफ्त ऑटो रिक्शा दिए। करीब 30 लोगों को रोजगार के लिए आर्थिक मदद की। धनुष के करीबी सूत्र बताते हैं कि वह राज्य के दौरे की योजना बना रहे हैं। वहां प्रशंसकों से मिलेंगे। जनकल्याण कार्यों के जरिए लोगों से जुड़ेंगे। विश्लेषक आर. रंगराज कहते हैं कि कभी एमजीआर ने फिल्मी सितारों की एक पूरी पीढ़ी को राजनीति में आने की प्रेरणा दी थी।

## रूस की राजधानी मास्को के रेस्टोरेंट में धमाका, 3 की मौत, 21 घायल

**मास्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में शनिवार को एक रेस्टोरेंट में प्राइवेट कार्यक्रम के दौरान जोरदार धमाका हुआ। नेशनल एंटी-टेररिज्म कमेटी ने सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को बताया कि यह धमाका घर पर बने बम में हुआ। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में धमाका करने वाली महिला संदिग्ध भी शामिल थी। हादसे में घायलों की संख्या 15 से बढ़कर 21 हो गई है। कमेटी ने बताया कि एक अनजान महिला कुद्रिन्स्काया स्क्वायर पर बने 'बाल्जी रॉसी' रेस्टोरेंट में घुसने की कोशिश कर रही थी। उसके पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस था। यह डिवाइस समय से पहले रेस्टोरेंट के बाहर ही फट गया, जिससे उसे रोकने वाले सुरक्षा गार्ड और रेस्टोरेंट के एक ग्राहक की मौत हो गई।

## जर्सी विवाद: अब हॉकी इंडिया अध्यक्ष बोले- बिना बताए कलर बदला

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग नीला से नारंगी किए जाने पर विवाद गहरा गया है। अब हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने जर्सी का रंग बदलने पर फेडरेशन के अधिकारियों से लिखित जवाब मांगा है। टिर्की का आरोप है कि यह फैसला उन्हें और एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बिना मंजूरी के बिना लिया गया। ओडिशा सरकार ने भी टिर्की से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। हाल ही में हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की नई जर्सी लॉन्च की। इसके बाद कई पूर्व खिलाड़ियों और हॉकी से जुड़े लोगों ने इस बदलाव पर सवाल उठाए। हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को भारतीय टीम की नारंगी रंग की नई जर्सी लॉन्च की। जर्सी का नीला रंग बदले जाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों और हॉकी से जुड़े लोगों ने इसका विरोध किया था।

## होर्मुज खोलने और परमाणु खतरा खत्म करने पर सहमति बनी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था। उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है। इससे पहले एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से फोन पर बात कर ईरान पर संभावित बड़े हमले को टालने और संयम बरतने की अपील की थी।

## महंगा हुआ पीएस5 एआई चिप, सोनी ने एक झटके में 15 हजार रुपये बढ़ाई कीमत

**नई दिल्ली।** गेमिंग के शौकीनों के लिए एक बड़ा झटका सामने आया है। जापानी टेक कंपनी सोनी ने भारत में अपने लोकप्रिय गेमिंग कंसोल प्ले स्टेशन 5 (पीएस5) की कीमत में भारी बढ़ोतरी कर दी है। अब भारतीय ग्राहकों को पीएस5 स्टैंडर्ड (डिस्क) एडिशन खरीदने के लिए पहले की तुलना में 15,000 रुपये अधिक खर्च करने होंगे। कंपनी ने इसकी नई कीमत 69,990 रुपये तय की है, जबकि इससे पहले यह कंसोल 54,990 रुपये में उपलब्ध था। इस बढ़ोतरी के साथ पीएस5 की कीमत में लगभग 28 प्रतिशत का इजाफा हो गया है। सोनी ने अपने आधिकारिक ऑनलाइन स्टोर शॉपएटएससी पर पीएस5 डिस्क एडिशन को नई कीमत के साथ सूचीबद्ध कर दिया है।

## राम मंदिर चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की जांच अंतिम दौर में पहुंची

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले दान और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास ने शनिवार को बताया कि सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य चढ़ावे से जुड़े कथित गड़बड़ी के मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और गठित जांच टीम मंदिर परिसर में संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। ट्रस्ट का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू कर दी गई है, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना समाप्त की जा सके।

### किश्तवाड़ में बादल फटने से कई घरों में पानी घुसा, बदरीनाथ हाईवे 20 मीटर तक धंसा

# केरलम में भारी बारिश-लैंडस्लाइड से 6 की मौत, 6 लापता

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। कई मकानों और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। दो कारें तेज बहाव में बह गईं। सड़कों पर मलबा, कीचड़ और बड़े पत्थर भर गए। किश्तवाड़, डोडा और रामबन जिलों में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

केरलम में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राज्य में लैंडस्लाइड, बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग अब भी लापता हैं। हालात को देखते हुए सरकार ने 65 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 1,465 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है।





इधर उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। चमोली के गौचर के पास कमेड़ा में बद्रीनाथ हाईवे का 20 मीटर हिस्सा धंस गया, जिससे यातायात वन-वे कर दिया गया है। मौसम विभाग ने 7 अगस्त तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है।

गुजरात के सूरत और मोरबी समेत कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए। 27,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। वहीं, 53 लोगों को रेस्क्यू किया गया। सूरत के अंबिका तालुका में 24 घंटे में 611 मिमी बारिश हुई।

### बिहार: सभी जिलों में बारिश का अलर्ट, 6 अगस्त तक सक्रिय रहेगा मानसून

बिहार में रविवार को सभी जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान 40 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार से हवा चल सकती है और कई जगहों पर बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, 5-6 अगस्त तक पूरे बिहार में बारिश की गतिविधियां और तेज हो सकती हैं। शनिवार को कैमूर सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 39.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शेखपुरा में एक घंटे की तेज बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए और एसडीओ कार्यालय में करीब 3 फीट तक पानी भर गया।

### तमिलनाडु: 2000 लोगों ने बारिश के लिए प्रार्थना की

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सूखे मौसम की वजह से तिरुचिरापल्ली के थेन्नूर में मुस्लिम समाज के 2,000 लोगों ने बारिश की विशेष प्रार्थना (सलात अल-इस्तिस्का) की। कई जिलों में तापमान 37.5 डिग्री से ऊपर बना हुआ है और राज्य भीषण जल संकट का सामना कर रहा है।

### भोपाल-इंदौर समेत 55 जिलों में आज बारिश, अभी 2 सिस्टम एक्टिव

- मध्य प्रदेश में अगले दो दिन हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत 55 जिलों में रविवार को बारिश होने की संभावना है। फिलहाल प्रदेश पर राजस्थान के ऊपर बने लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ का असर बना हुआ है।
- हालांकि, 4 और 5 अगस्त से फिर भारी बारिश का दौर लौट सकता है। मौसम विभाग ने उत्तर और पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 48 घंटे तक कहीं भी भारी बारिश की चेतावनी नहीं है।

### उज्जैन में फ्रेंडशिप डे पर युवाओं ने पुराने दोस्तों से की मुलाकात

# आज यादों के रंग बिखेर रहा फ्रेंडशिप डे





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

फ्रेंडशिप डे पर युवाओं में बढ़ा दोस्ती का जश्न, शहरभर में कैफे, पार्क और कॉलेज रंग-बिरंगी चूड़ियों, ग्रीटिंग्स और केक से सजे दिखे। युवाओं ने पुराने दोस्तों से मुलाकात की, कुछ ने सोशल मीडिया पर यादें साझा कीं तो कुछ ने अनाथालयों में मिठाइयां बांटकर दोस्ती का असली अर्थ समझाया। बढ़ती डिजिटल दोस्तियों के बीच कई युवाओं ने कहा कि रियल कनेक्शन जरूरी है। कई कैफेज में फ्रेंडशिप बैंड्स और हैंडमेड गिफ्ट्स की भी धूम रही।

उज्जैन में फ्रेंडशिप डे पर शहर दोस्ती के रंग में रंगा दिखा। प्रमुख पार्कों, कैफे, और महाकाल क्षेत्र में युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ रही, जहाँ फ्रेंडशिप बैंड्स, ग्रीटिंग्स और छोटे गिफ्ट्स की बिक्री भी तेज रही। सोशल मीडिया पर हैशटैग फ्रेंडशिप डे ट्रेंड करता रहा। कुछ स्थानीय संगठनों ने अनाथालय और वृद्धाश्रम में फल, मिठाइयाँ और जरूरी सामान बाँटकर दोस्ती का सामाजिक संदेश दिया। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि मजबूत मित्रता मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ाती है, और बदलते समय में आमने-सामने मिलने का महत्व और भी बढ़ गया है। कुल मिलाकर, फ्रेंडशिप डे ने उत्साह, अपनत्व और संवेदनाओं के बीच यह याद दिलाया कि दोस्ती सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग का नाम है। और वैसे भी, दोस्ती में केक अच्छा बहाना है... बस सच्ची बातचीत ही असली ट्रीट है।

### दोस्ती निभाने से बनती है, दिखाने से नहीं

शहर के कुछ कॉलेजों में स्टूडेंट्स ने ग्रुप डिस्कशन और ओपन-मिक सेशंस रखे, जिसमें उन्होंने कहा कि दोस्ती में क्वालिटी टाइम अब सबसे कीमती चीज है। कई लोगों ने पुराने दोस्तों से फिर से जुड़कर कहा, कुछ बातें सिर्फ उन्हीं से हो सकती हैं, बाकी किसी से नहीं और शहर की गलियों में घूमते हुए लोग मुस्कुरा कर एक ही बात दोहराते दिखे, फ्रेंडशिप डे याद दिलाता है कि दोस्ती निभाने से बनती है, दिखाने से नहीं।

### बंगाल एसटीएफ का दावा- जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में

# तोड़फोड़ करने वाला था संदिग्ध जैश आतंकी

## पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने वाला था, गर्लफ्रेंड भी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने दावा किया है कि बर्धमान जिले से गिरफ्तार जैश-ए-मोहम्मद ऑपरेटिव हमीम मंडल ने दिल्ली के जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड़-फोड़ की साजिश भी रची थी। हमीम, कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में पुलिस की वर्दी पहनकर घुसपैठ करने वाला था।

एसटीएफ के आईजी गौरव शर्मा ने बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि बंगाल सीएम शुभेंदु समेत कई नेता और पुलिस अधिकारी उसके निशाने पर थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमीम पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था। उनके कहने पर ही नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखने और जानकारी जुटा रहा था।

जांच में उसके मोबाइल फोन और सोशल मीडिया चैट से वाट्सएप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के जरिए पाकिस्तान कॉन्टेक्ट्स के सबूत मिलने का दावा किया गया है। एसटीएफ ने शुक्रवार रात अर्पिता सरकार नाम की महिला को भी गिरफ्तार किया, जो मंडल की सहयोगी और गर्लफ्रेंड बताई जा रही है।

### बंगाल राज्य मंत्री के बेटे को हनी ट्रैप में फंसा रही थी अर्पिता

एसटीएफ ने दावा किया कि हमीम और उसकी गर्लफ्रेंड दोनों मिलकर पश्चिम बंगाल के एक राज्य मंत्री के बेटे को हनी-ट्रैप में फंसाने की साजिश रची थी। इन दोनों ने मंत्री के बेटे को किडनैप करने और परिवार से पैसे ऐंठने का प्लान बनाया था। एसटीएफ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला है कि यह साजिश पाकिस्तान के हैंडलर्स ने रचाई थी। हम हर आरोपी की भूमिका, इसमें और कितने लोग शामिल थे, इसकी जांच कर रहे हैं।

### बंगाल एसटीएफ के दावे

अर्पिता और हमीम ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के कहने पर सेंसिटिव जानकारी निकालने के लिए असरदार लोगों के साथ पर्सनल रिश्ते बनाने की योजना बनाई थी। दोनों पिछले चार साल से कॉन्टैक्ट में थे, पहले इंस्टाग्राम पर जान-पहचान हुई और बाद में पर्सनली मिले। हमीम एन्क्रिप्टेड चैट और विदेशी सिम कार्ड का इस्तेमाल करके पाकिस्तान हैंडलर्स से बात करता था, इनके कोडनेम राणा, अबीर, हबीब और 333 थे।

### ईपीएफओ को 1,816 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप

# सीबीआई ने किया अनिल अंबानी पर केस दर्ज

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड और इसके पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कंपनी पर ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को 1816.22 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

यह कार्रवाई केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 21 जुलाई को दी गई एक शिकायत के आधार पर की। शिकायत में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और ईपीएफओ को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। हालांकि, अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बयान जारी कर किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि बीडीओ इंडिया के ऑडिट से पहले भी कई फर्जी ट्रांजैक्शन पाए गए थे। इन ट्रांजैक्शन के जरिए रिलायंस कैपिटल का पैसा बाहर निकाला गया, जो आगे चलकर कंपनी के डूबने की वजह बना।

ईडी की जांच से पता कि कंपनी में अनियमित लोन बांटने, पैसों का दुरुपयोग और सिक्योरिटी को कमजोर करने जैसी गतिविधियों को अंजाम दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि अगर ये आरोप साबित होते हैं, तो इन्हीं वजहों से कंपनी की वित्तीय हालत खराब हुई।



### उज्जैन में भी लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# खराब सड़कों पर अब ईई की जवाबदेही तय

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में वर्षा काल के दौरान खराब हो रही सड़कों को लेकर अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिस क्षेत्र में सड़क खराब मिलेगी, वहां संबंधित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) को जिम्मेदार माना जाएगा। समय पर सड़क की मरम्मत नहीं होने अथवा रखरखाव में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेशभर के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी सड़कों की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

- बैठक में औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं की भी समीक्षा की गई। दोषी ठेकेदारों के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई में देरी पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि औचक निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।
- मंत्री ने सभी मुख्य अभियंताओं को अपने-अपने परिक्षेत्र की सड़कों की नियमित निगरानी करने तथा 3 अगस्त 2026 तक सड़क श्रेणियों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्ताव बनाते समय वर्तमान यातायात, औद्योगिक एवं कृषि गतिविधियों, पर्यटन की आवश्यकताओं तथा भविष्य की विकास संभावनाओं को ध्यान में रखने को कहा गया है।
- प्रदेश में बारिश के दौरान खराब सड़कों को लेकर लगातार उठ रहे सवालों के बीच सरकार का यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उज्जैन में भी लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़कों की स्थिति पर अब विभागीय अधिकारियों को विशेष निगरानी रखनी होगी। सड़क खराब होने की स्थिति में केवल ठेकेदार ही नहीं, बल्कि संबंधित कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इससे सड़क मरम्मत और रखरखाव के कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

मंत्रालय में आयोजित मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस में मंत्री राकेश सिंह ने विभागीय निर्माण कार्यों, सड़कों की गुणवत्ता, औचक निरीक्षण, बिटुमेन की उपलब्धता, भुगतान सत्यापन तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही के साथ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री एवं प्रमुख सचिव स्तर से जारी निर्देशों का समय-सीमा में पालन करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है।

मंत्री ने कहा कि वर्षाकाल में सड़कें क्षतिग्रस्त होने के बाद यदि समय पर उनकी मरम्मत नहीं की गई तो संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री को इसके लिए उत्तरदायी माना जाएगा। आदेशों की अनदेखी करने, फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने अथवा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 2000 साल पुरानी नाज्का लाइन्स देखने गए थे, मरने वालों की पहचान नहीं हो सकी

# पेरू में टूरिस्ट प्लेन क्रैश, क्रू समेत 13 की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नाज्का

पेरू के नाज्का शहर के बाहर शनिवार को पर्यटकों को ले जा रहा एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। एजेंसी रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन ने पास के इका शहर से उड़ान भरी थी। नाज्का लाइन्स के पास पहुंचने के बाद प्लेन खेत में जाकर गिरा। इसमें आग लग गई। प्लेन में 2 पायलट्स के अलावा 11 पर्यटक थे। हादसे के बाद प्लेन के मलबे के पास जले हुए शव बिखरे पड़े थे। दरअसल, 2000 साल पुरानी



नाज्का लाइन्स को पूरी तरह से केवल प्लेन या व्यूइंग टावर से ही देखा जा सकता है। इसलिए प्लेन पर्यटकों को लेकर निकला था। मरने वाले कहां से थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### 14 साल से सीनिक फ्लाइट्स ऑर्गनाइज कर रही थी कपंनी

जो प्लेन हादसे का शिकार हुआ, उसे पेरू की कंपनी 'एरोडियाना' ऑपरेट कर रही थी। एयरलाइन की वेबसाइट के मुताबिक, वह पिछले 14 साल से सेसना ग्रैंड कारवां प्लेन का इस्तेमाल करके नाज्का लाइन्स के ऊपर सीनिक फ्लाइट्स (नजारे दिखाने वाली उड़ानें) की सुविधा दे रहे हैं। हादसे की जांच की जा रही है। एरोडियाना ने कोई कमेंट नहीं दिया।

### पेरू के मूल निवासियों ने बनाई थीं नाज्का लाइन्स

पेरू की राजधानी लीमा से लगभग 400 किमी दक्षिण में पेरू के नाज्का और पाल्पा रेगिस्तान में कुछ आकृतियां बनी हैं। माना जाता है कि इन्हें 200 ईसा पूर्व से 600 ईस्वी के बीच नाज्का सभ्यता के लोगों ने बनाया। रेगिस्तान की गहरे रंग की पत्थरीली सतह हटाकर नीचे की हल्की मिट्टी को दिखाया गया, जिससे ये आकृतियां बन गईं।

# ई20 पेट्रोल पर सियासत के बीच पंजाब के किसान डटे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली/चंडीगढ़

देश में ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर छिड़ी राजनीतिक बहस अब पंजाब के खेतों तक पहुंच गई है। जहां एक ओर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई20 नीति पर सवाल उठाते हुए पुराने वाहनों पर इसके असर, माइलेज में कमी और उपभोक्ताओं को पर्याप्त जानकारी नहीं मिलने जैसे मुद्दे उठाए हैं, वहीं दूसरी ओर पंजाब के किसान इस योजना के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। किसानों का कहना है कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम केवल ईंधन नीति नहीं, बल्कि उनकी आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उनका तर्क है कि यदि इस नीति को राजनीतिक विवाद में उलझाकर कमजोर किया गया तो सबसे अधिक नुकसान उन किसानों को होगा जिन्होंने धान की परंपरागत खेती छोड़कर मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर कदम बढ़ाया है।

## भड़के कांग्रेस नेता, कलेक्टर से कहा- भगवान के दरबार में दोहरा मजाक बंद हो

**उज्जैन।** श्रावण मास में महाकालेश्वर मंदिर में आम श्रद्धालुओं के लिए प्रोटोकॉल दर्शन बंद करने और वीआईपी को नंदी हॉल से दर्शन कराने को लेकर जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने तीखी आपत्ति जताई है। भरत पोरवाल ने कलेक्टर को सीधे संदेश भेजकर कहा है कि भगवान महाकाल के दरबार में अमीर और गरीब के बीच यह दोहरा मजाक किया जा रहा है, जिसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि कलेक्टर के आदेशों का उल्लंघन करने वाले प्रथम कौशिक जैसे अधिकारियों को तत्काल मंदिर से हटाया जाए। पोरवाल ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा किए गए उग्र प्रदर्शन का समर्थन करते हुए जिला उपाध्यक्ष रितेश शर्मा को धन्यवाद दिया है।

## बलाई समाज युवा संघ की नई कार्यकारिणी घोषित, सौंपे नियुक्ति पत्र

**उज्जैन।** बलाई समाज युवा संघ उज्जैन द्वारा नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें संगठन की नई जिम्मेदारियां दी गईं। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष विशाल राठौर और संरक्षक हजारीलाल मालवीय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उपस्थित समाजजनों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी अभय बामनिया ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन युवा संघ के नवनियुक्त महामंत्री अजय सिसोदिया ने किया। अंत में आभार महामंत्री राजेन्द्र राठौर ने माना।

## महाप्रभु जी की बैठक पर गूंजी वल्लभ साखी

**उज्जैन।** मंगलनाथ रोड स्थित आचार्य श्री महाप्रभु जी की बैठक पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वल्लभ साखी का पाठ और भजन-कीर्तन हुए, जिसमें सैकड़ों वैष्णवजनों ने उत्साह के साथ धर्म लाभ लिया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में सर्वप्रथम आचार्य श्री महाप्रभु जी को धोती, उपरना और गुरु दक्षिणा भेंट की गई। इसके पश्चात मयूर शर्मा और उनकी टीम द्वारा आचार्य श्री वल्लभाचार्य जी के गुणगान स्वरूप वल्लभ साखी का सुमधुर पाठ किया गया। आयोजन के समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इन श्रद्धालुओं ने लिया दर्शन और पाठ का लाभ वल्लभ साखी के पाठ और महाप्रभु जी के दर्शन का लाभ लेने वालों में मुख्य रूप से जयेश श्रॉफ, नंदकिशोर माहेश्वरी, आनंद पुरोहित, पारुल शाह, मनीषा नागर, अमित नागर, वरुण नागर, अदिति नीमा, विशाल नीमा, आभाष शर्मा, रविंद्र मूले, राहुल नागर, मनीष नागर, अमीश नीमा, कविता श्रॉफ, अमर दिसावल और योगेश नीमा सहित सैकड़ों वैष्णवजन उपस्थित थे।

## विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए नवाचार, वैज्ञानिक सोच की हुई सराहना

**उज्जैन।** महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के अवसर पर 1 अगस्त को विद्यालय में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोग और नवाचार प्रदर्शित किए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माधव साइंस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कमल किशोर कुंभकार और वर्ष 2013 बैच की पूर्व छात्रा व एमपीईबी में ऑफिस असिस्टेंट शालिनी शिखरे थीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। विद्यालय में प्राप्त शिक्षा और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, प्रयोग करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश गुप्त और विद्यालय प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## संगीत निशा में देर रात तक गूंजे सदाबहार नगमे

**नागदा जं.** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर लायंस क्लब नागदा ग्रेटर, लायंस क्लब नागदा गोल्ड, लियो क्लब नागदा ग्रेटर, लियो क्लब नागदा स्नेह, माहेश्वरी समाज एवं इंद्र फाउंडेशन नागदा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य ₹संगीत निशा₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रफी साहब के अमर एवं सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें भावभीनी स्वरांजलि अर्पित की गई।

### आज निकलेगी चौथी नि:शुल्क 84 महादेव दर्शन यात्रा, सीएम डॉ. मोहन यादव दिखाएंगे भगवा ध्वजा

# 10 हजार मातृशक्तियों को मिलेगी लाल चुनरी साड़ी

### श्रद्धालुओं को बांटे जाएंगे रुद्राक्ष और बिल्वपत्र के पौधे

### सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए हर श्रद्धालु लेगा 11 पौधे लगाने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाजसेवी महेश परयानी के नेतृत्व में आज 2 अगस्त रविवार को शहर में चौथी निःशुल्क श्री 84 महादेव दर्शन यात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 8:30 बजे नानाखेड़ा बस स्टैंड से भगवान श्री महाकाल की पालकी का पूजन कर और भगवा ध्वजा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में 10 हजार से अधिक मातृशक्तियां और हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।

आयोजक ललित लुल्ला व शेषांत चंदेरिया ने बताया कि संस्था संरक्षक नारायण यादव, यात्रा संयोजक वैभव यादव के मार्गदर्शन में आयोजन की शुरूआत नानाखेड़ा बस स्टैंड से महाकाल की पालकी के साथ विशाल पदयात्रा के रूप में होगी। यह यात्रा वेद नगर, सुभाष नगर, सतराम सिंधी कॉलोनी और तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक



पहुंचेगी। मार्ग में सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी अपनी मंडली और बैंड के साथ शिव भजनों की संगीतमय प्रस्तुति देंगे। टावर चौक पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालुओं को बसों के माध्यम से निःशुल्क 84 महादेव दर्शन के लिए रवाना किया जाएगा। यात्रा में शामिल होने वाली प्रत्येक मातृशक्ति को लाल चुनरी साड़ी और हर श्रद्धालु को रुद्राक्ष की माला व बिल्वपत्र का पौधा निःशुल्क भेंट किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार और भोजन की भी व्यवस्था रहेगी।

दीपक बेलानी के अनुसार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगामी सिंहस्थ 2028 तक उज्जैन को हरित और स्वच्छ धार्मिक नगरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में यात्रा में शामिल प्रत्येक श्रद्धालु को बिल्वपत्र का पौधा देकर कम से कम 11 पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा।

### लायंस क्लब सहित कई दानदाताओं ने दिया आर्थिक और खाद्यान्न सहयोग

# 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन द्वारा नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह 10 किलो गेहूं का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इसी श्रृंखला में 1 अगस्त को हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित हद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित मंच कार्यालय पर अगस्त माह का खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एल्डरमैन अरविंद उपाध्याय और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद जीवन गुरु तिवारी उपस्थित रहे।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि इस पुनीत कार्य में शहर के कई दानदाताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। गेहूं वितरण के लिए लायंस क्लब उज्जैन महाकाल द्वारा 18 हजार




रुपए का वार्षिक सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त राजेंद्र विश्वकर्मा ने 3000 रुपए, राजेंद्र गादिया ने 2100 रुपए, कमलेश सिरोलिया ने 1100 रुपए, कल्पना कातरे ने 1000 रुपए, नीता आतिया व चंद्रकांता ने 500-500 रुपए, कमलेश पाव ने 400 रुपए और श्यामा राय ने 200 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं इंदौर की सैलानी गुप्ता ने 16 किलो गेहूं, अशोक मूंदड़ा ने 10 किलो गेहूं तथा यश चौहान के जन्मदिन पर 10 किलो आटा निराश्रित बुजुर्गों के लिए भेंट किया गया।

### इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव अनिल लशकरी, पारस कुमार जैन, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, ओम रामी, भारद्वाज चौहान, रितेश वर्मा, संतोष शर्मा, सोडाणी, महेंद्र कटियार, मूलचंद राठौर, ओम हारोड़, लीलाधर आतिया, लक्ष्मण पटेल, हेमराज परमार, राजू लश्करी, संजय शुक्ला, सतीश पेंटर और राजेश राणा ने किया।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

आयोजन में लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के अध्यक्ष नरेंद्र राठी, कैलाश डागा और अजीत बैराठी उपस्थित रहे। व्यवस्थाओं में महिला मंच की कविता राय, संतोष भारद्वाज और नीता आतिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और दानदाताओं का आभार मंच के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

# वीआईपी दर्शन और भस्म आरती पास को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

### एसडीएम को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार तथा पारदर्शिता की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रितेश शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम रंजना पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। मंदिर के नीलकंठ द्वार से अंदर की ओर बढ़ते हुए कार्यकताओं ने शंख द्वार की तरफ से आ रही वीवीआईपी गाड़ियों को भी रोककर अपना विरोध दर्ज कराया।

युवा कांग्रेस उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन ने बताया कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आम जनता के लिए प्रोटोकॉल दर्शन बंद कर दिए गए हैं, लेकिन वीआईपी, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रभावशाली व्यक्तियों को अभी भी नंदी हॉल और चांदी द्वार से दर्शन कराए जा रहे हैं। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर दिए गए इस ज्ञापन में मांग की गई है कि दर्शन व्यवस्था सभी के लिए समान हो और वीआईपी परिवारों को मिलने वाली विशेष सुविधा तुरंत बंद की जाए। इसके अलावा मोबाइल प्रतिबंध का नियम अधिकारियों, कर्मचारियों और वीआईपी पर भी लागू करने, बाहर सुरक्षित मोबाइल जमा व्यवस्था बनाने और दिल्ली के इन्फ़्लुएंसर अक्षय आनंद द्वारा गर्भगृह में जाकर वीडियो वायरल करने के मामले में अनुमति देने वाले दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा

### जागरूक बनने तथा समाज में जनजागरण का संदेश फैलाने का आह्वान

# नशा युवाओं का भविष्य छीनता है, जागरूकता ही बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम : सोलंकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नशा मुक्ति अभियान 2.0 का समापन समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय विभाग के जॉइंट डायरेक्टर श्री सतीश सोलंकी ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति–तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने छात्राओं से नशे के विरुद्ध स्वयं जागरूक बनने तथा समाज में जनजागरण का संदेश फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने का सबसे प्रभावी उपाय सतत जागरूकता और सकारात्मक जीवन-मूल्यों का विकास है।



**नशे से दूरी है जरूरी का सामूहिक संकल्प दिलवाया**

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी रूपाली झीनीवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका परमार ने अभियान के अंतर्गत आयोजित अवेयरनेस रन, निबंध, पोस्टर, रंगोली, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए विजेता छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ. अजय भार्गव, डॉ. मीना मोघे, डॉ. मनीष परमार, डॉ. आनंद सिन्दल, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. अंजना बुन्देला, डॉ. पूजा साहू, श्रीमती मीरा यादव, डॉ. अंजना जायसवाल, डॉ. विमल लोदवाल, श्रीमती वीथिका जैन, सुश्री शगुफ्ता, डॉ. मधु खंडेलवाल, डॉ. योगिता खटके सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। अंत में डॉ. मोनिका परमार ने आभार व्यक्त किया।

# गूंजे मोहम्मद रफी के सदाबहार नगमे, 150 गरीबों को बांटे छाते




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनेस्टी म्यूज़िकल एकेडमी द्वारा शुक्रवार 31 जुलाई को मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में एक शानदार संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मो. रफी के सदाबहार गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्था की ओर से 150 गरीब लोगों को छातों का वितरण भी किया गया।

संस्था प्रमुख हरपाल सिंह चावला ने बताया कि कार्यक्रम में इंदौर से आए नेत्रहीन बालक गौरव पाल ने अपनी सुमधुर गायकी से सबका मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौरव पाल (इंदौर), तेजस्वी महाजन, पार्थ दुबे और प्रियंका दुबे को बेस्ट सिंगर ऑफ द डे के मोमेंटो और नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजेश पलोड़, प्रकाश वर्मा, अंशिता कानूनगो, करुणा भावसार, पूनम नामदेव और अपराजिता दिहिदार ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

### पूर्वजों की याद में रोपे जाएंगे 501 पौधे

# विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में बनेगा स्मृति वन

### लायंस क्लब सुरभि सहित अन्य संस्थाओं ने 101 पौधे लगाकर की शुरूआत, नगर निगम करेगा फेंसिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब सुरभि ने पूर्वजों की याद में विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में वृहद पौधारोपण कर स्मृति वन की स्थापना की है। क्लब द्वारा वल्लभ आनंद क्लब और अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्ग वैष्णव परिषद के सहयोग से 101 पौधे लगाए गए हैं। स्मृति वन में कुल 501 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पौधारोपण की शुरूआत गायत्री परिवार की माधुरी सोलंकी द्वारा त्रिवेणी नीम, पीपल और बरगद की पूजा व मंत्रोच्चार के साथ करवाई गई। क्लब अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल सामाजिक सेवा के साथ फैलोशिप और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित करता है, इसी उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। क्लब की सर्विस चेयरपरसन मधु गुप्ता ने बताया कि यह पौधारोपण वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति और पर्यावरण प्रेमी परिवार के सहयोग से किया जा रहा है। पौधों की सुरक्षा के लिए नगर निगम द्वारा यहां शीघ्र ही वायर फेंसिंग भी की जाएगी।

इस अवसर पर वसुंधरा हरियाली के प्रमुख के. के. पंवार, समाजसेवी व चिकित्सक डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्ग वैष्णव परिषद के महामंत्री लक्ष्मीनारायण नीमा, वल्लभ आनंद क्लब के सचिव जितेंद्र मालवीय और मुक्तेश त्रिवेदी सहित परिषद के अध्यक्ष व अन्य सदस्य, लायंस क्लब सुरभि के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांवड़ियों के लिए पॉलिथीन मुक्त भंडारा शुरू

**उज्जैन।** सावन माह में देशभर से भगवान महाकाल के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ यात्रियों व श्रद्धालुओं के लिए मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास द्वारा निःशुल्क भोजन प्रसादी सेवा शुरू की गई है। हरसिद्धि स्थित मस्त बालवीर हनुमान मंदिर के समीप रामघाट मार्ग पर यह सेवा पूरे सावन माह तक जारी रहेगी। भोजन वितरण में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इससे प्रभावित होकर नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान न्यास के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं।

# मालवा में 5 लाख नए हितचिंतक बनाएगा विहिप



### पत्रिका 'हिन्दू उदय' का हुआ विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत की आगामी छह माह की कार्ययोजना और संगठन विस्तार को लेकर तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक का उज्जैन में शुभारंभ हो गया है। बैठक में हितचिंतक अभियान के तहत मालवा प्रांत में 5 लाख से अधिक नए हितचिंतक जोड़ने का अहम लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रांत प्रचार प्रमुख गन्नी चौकसे और विहिप बजरंग दल सह प्रचार प्रसार प्रमुख राज जोशी ने बताया कि इस बैठक में प्रांतभर के 29 जिलों से 350 से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए हैं। उद्घाटन सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की मूल शक्ति हमारी परिवार व्यवस्था है। इसे सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने केंद्रीय बैठक के प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी देते हुए सेवा, संस्कार, समरसता, गौरक्षा और सामाजिक जागरण के कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन दिया।

गुरु रविदास और अशोक सिंघल की जयंती पर होंगे कार्यक्रम बैठक में तय किया गया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती तथा अशोक सिंघल के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कई जनजागरण व संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विहिप की पत्रिका हिन्दू उदय का विमोचन भी किया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय मंत्री व अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजय पारिख, मातृशक्ति की राष्ट्रीय संयोजिका सरोज सोनी, पिंकी पवार, सोहन विश्वकर्मा, प्रांत अध्यक्ष मुकेश जैन, प्रांत उपाध्यक्ष माला ठाकुर व अजय कोठी, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा तथा प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# डॉ. संतोष शर्मा का सेवानिवृत्त पर किया सम्मान

### अध्यापन केवल पेशा नहीं बल्कि समाज निर्माण का श्रेष्ठ माध्यम है- डॉ. शर्मा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय माधव महाविद्यालय (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संतोष शर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक संघ द्वारा आयोजित इस समारोह में अतिथियों ने डॉ. शर्मा को पुष्पमाला पहनाकर तथा शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।




समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. कल्पना सिंह ने की। इस दौरान अतिथियों ने डॉ. शर्मा के लंबे शैक्षणिक जीवन, अनुशासन, कार्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने समाजशास्त्र विषय के अध्यापन के साथ कई पीढ़ियों के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अपने विदाई संबोधन में डॉ. संतोष शर्मा ने कहा कि अध्यापन केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सहयोग और स्नेह के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार जताया।

समारोह में शिक्षक संघ अध्यक्ष नीरज सारवान, पूर्व प्राचार्य प्रो. अल्पना उपाध्याय, डॉ. राजश्री सेठ, डॉ. प्रार्थना निगम, डॉ. अनीता सोनाल, प्रो. राय सिंह, प्रो. लाखन सिंह कुशवाहा और डॉ. मंसूर खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राध्यापकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने डॉ. शर्मा के स्वस्थ और सुखमय भावी जीवन की कामना की।

उज्जैन
रविवार
02
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सगार्णामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम्॥

**अर्थः** सृष्टियों का आदि और अंत तथा मध्य भी मैं ही हूँ। मैं विद्याओं में अध्यात्मविद्या अर्थात् ब्रह्मविद्या और परस्पर विवाद करने वालों का तत्व-निर्णय के लिए किया जाने वाला वाद हूँ।

## खबर एक नजर...

### केयरटेकर ने मां-बेटे को बेघर किया, 91 साल की मां को 19 साल बाद मिला न्याय

**इंदौर।** 91 वर्षीय गीता चौहान को 19 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार अपने ही फ्लैट का कब्जा वापस मिल गया है। अपने लकवाग्रस्त और गंभीर बीमार बेटे की देखभाल के लिए उन्होंने जिस केयरटेकर को रखा था उसने ही उन्हें डरा-धमकाकर घर से बेदखल कर दिया। इतना ही नहीं उसने फर्जी विवाह प्रमाण-पत्र भी बनावा लिया ताकि फ्लैट पर मालिकाना हक साबित कर सके। बुजुर्ग मां और 71 वर्षीय बेटा सालों तक किराए के मकान में भटकते रहे। यह घटना राज्य की उस चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है, जहां मध्यप्रदेश लगातार तीसरे वर्ष वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध में देश में पहले स्थान पर है। अधिवक्ता मनोज शर्मा और ईशा शर्मा के अनुसार, गीता चौहान ने बेटे की देखरेख के लिए ज्योति पांजरे को केयरटेकर रखा था। ज्योति ने फर्जी कागजात से खुद को बेटे की पत्नी बताकर फ्लैट पर अवैध कब्जा जमा लिया और विरोध करने पर मां-बेटे को बेघर कर दिया। वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, 2007 के तहत मामला एसडीएम न्यायालय, जूनी इंदौर पहुंचा। कोर्ट ने मालिकाना हक गीता चौहान का पाया, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में बेदखली की कार्रवाई कर उन्हें फ्लैट का कब्जा वापस दिलाया गया।

### इंदौर में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर:दो लोगों की मौत

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुलक सिटी के पास देर रात हुआ। बाइक पर सवार भदरसिंह (40) पिता वैर सिंह, दीपक (16) पिता जयराम जामोद और एक अन्य युवक मजदूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भदरसिंह और दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक धार जिले के रहने वाले थे और इंदौर में रहकर मजदूरी करते थे। भदरसिंह ग्राम लुनेरा और दीपक भवानीपुरा, कुक्षी के निवासी थे। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। परिजन धनसिंह सोलंकी ने बताया कि भदरसिंह की तीन बेटियां और एक बेटा है। पिता का 15 दिन पहले ही निधन हुआ था। राऊ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में करवाया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

### टोल प्लाजा पर फर्जी मिलिट्री आईकार्ड दिखाकर रौब जमाया

**महू।** देवास के मांगलिया बायपास टोल प्लाजा पर खुद को भारतीय सेना का जवान बताकर मुफ़्त आवागमन कर रहे एक फर्जी सैन्य कर्मी को पकड़ा गया है। शुक्रवार को मिलिट्री इंटेलिजेंस (टक) महू और क्षिप्रा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारी विशाल मेहता को संदिग्ध व्यक्ति के हाव-भाव और बातचीत के तरीके पर संदेह हुआ था। इसके बाद उन्होंने तुरंत मिलिट्री इंटेलिजेंस महू को इसकी जानकारी दी, जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान आरोपी के बयानों में कई विरोधाभास पाए गए। कड़ाई से की गई पूछताछ में उसकी पहचान देवास स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कर्मचारी दीपक गुप्ता के रूप में हुई। जांच में आरोपी की कार भी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के नाम से पंजीकृत पाई गई। आरोपी बैंक की गाड़ी में फर्जी मिलिट्री आइडेंटिटी कार्ड का इस्तेमाल कर टोल टैक्स बचाने और रौब दिखाने के लिए घूम रहा था। क्षिप्रा पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को फर्जी मिलिट्री आईडी कार्ड कहां से मिला और क्या इस फजीवाड़े में कोई अन्य गिरोह भी शामिल है।

### आश्रम ही नहीं सरकारी जमीन पर अवैध-साम्राज्य बना रखा है

**इंदौर।** महाराणा प्रताप नगर में पानी की टंकी के नीचे चल रहे प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम को सुलभ कॉम्प्लेक्स तोड़कर बनाया गया था। इसके अलावा पास में बने सरकारी स्कूल में भी अवैध रूप से गोशाला संचालित करने की बात सामने आई है। इधर, बुजुर्ग महिला से मारपीट के मामले के बाद प्रशासन ने वृद्धाश्रम सील कर दिया। इसे अवैध रूप से संचालित करने और आश्रम में मिली अनियमितताओं के बाद संचालिका नीलम दुबे पर भी एफआईआर की कार्रवाई चल रही है। लोगों ने बताया कि टंकी परिसर में पहले सुलभ कॉम्प्लेक्स बना हुआ था। इसे तत्कालीन पार्षद व एमआईसी सदस्य संतोष गौर ने तुड़वाकर मेन रोड की तरफ बनवाया। फिर टंकी परिसर का विस्तार कर बगीचा तैयार किया। वृद्धाश्रम बनाया और इसके आगे की ओर एक सामुदायिक भवन भी तैयार करवा दिया। संतोष गौर ने इसे संचालित करने का जिम्मा नीलम दुबे को दिया था। रहवासियों ने आरोप लगाया कि नीलम वृद्धाश्रम के नाम पर चंदा वसूलती हैं। नीलम ने सरकारी अस्पताल में भी कब्जा जमा रखा है।


---

भगवान भोलेनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी का इंदौर में विरोध-प्रदर्शन

# कांवड़ियों ने थाना घेरा, मौलाना जर्जिस अंसारी पर एफआईआर की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शनिवार को कांवड़ियों ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग चंदन नगर थाने पहुंचे और मौलाना जर्जिस अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि भगवान भोलेनाथ को लेकर की गई कथित टिप्पणी से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस से मामले में तत्काल प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

एसीपी शिवेंद्र जोशी ने कहा कि चंदन नगर से गंगवाल की ओर कांवड़ यात्रा जा रही थी। इसी दौरान अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में कुछ लोग चंदन नगर थाने पहुंचे। उन्होंने एक आवेदन देकर आरोप लगाया है कि दूसरे धर्म के एक धार्मिक गुरु ने हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की है। शिकायत के साथ एक वीडियो भी दिया गया है। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि वीडियो कहां का है और उसमें दिखाई दे रहा व्यक्ति कौन है। मामले की जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद हमने कांवड़ यात्रा आगे बढ़ाई। यदि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। अगले सोमवार को 5 हजार लोगों की कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी और जरूरत पड़ी तो थाने या एसपी कार्यालय का घेराव भी करेंगे।

### गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे

वहीं अखिल भारतीय बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने कहा कि मौलाना जर्जिस अंसारी ने अपनी तकरीर में हमारे आराध्य भगवान भोलेनाथ (महाकाल) के बारे में बेहद अभद्र और अशोभनीय टिप्पणियां की हैं, जिससे हिंदू समाज और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसी के विरोध में महामंडलेश्वर नितिन दास महाराज के सानिध्य में कांवड़ यात्री चंदन नगर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

---

रैनाथॉन की 10किमी नाइट रन शुरू, 2 हजार रनर्स हुए शामिल

# इंदौर में बारिश के बीच दौड़ने का जोश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथनर्स की ओर से आयोजित 'रैनाथॉन-10 किमी मॉनसून नाइट रन' का 9वां संस्करण शनिवार रात 10 बजे पितृ पर्वत से शुरू हो गया। बारिश के मौसम में आयोजित इस खास नाइट रन में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 2 हजार रनर्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रन शुरू होते ही पूरा माहौल जोश और ऊर्जा से भर गया।

रन का शुभारंभ पितृ पर्वत स्थित से किया गया। इसके बाद प्रतिभागी निर्धारित मार्ग से होते हुए मॉडल स्कूल, गोमटगिरि, नया बसेरा, सुमतिधाम कॉलोनी (गोधा एस्टेट), बाहुबली नगर और आकाश ग्रीन कॉलोनी से होकर वापस पितृ पर्वत पहुंचेंगे। पूरे मार्ग पर सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सहायता और हाइड्रेशन की विशेष व्यवस्था की गई है।

एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. अरुण अग्रवाल एवं संयोजक नीरज याग्निक ने बतायाआयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य लेजर शो भी है, जिसका आनंद प्रतिभागियों और दर्शकों को मिलेगा। रन पूरी होने के बाद सभी रनर्स के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

इससे पहले गुरुवार को नेहरू स्टेडियम के एनसीसी हॉल में आयोजित रजिस्ट्रेशन एक्सपो में प्रतिभागियों ने अपनी और रनिंग किट प्राप्त की थी। आयोजन समिति ने पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं।

एकेडमी के पदाधिकारियों ने बताया कि रैनाथॉन का उद्देश्य केवल दौड़ आयोजित करना नहीं, बल्कि लोगों को फिटनेस, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। हर वर्ष की तरह इस बार भी युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और फिटनेस प्रेमियों का उत्साह देखने लायक है।

---

लक्ष्य के अनुरूप हो राजस्व वसूली-महापौर

## राजस्व और मार्केट विभाग की रिव्यू मीटिंग में महापौर ने दिए दिशा-निर्देश



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नगर निगम के राजस्व और मार्केट विभाग की राजस्व वसूली की रफ्तार बढ़ाने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शनिवार को निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली।

बैठक में राजस्व वसूली की विभागवार प्रगति का आकलन किया गया और अधिकारियों को तय लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महापौर ने कहा कि निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए राजस्व वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बकाया राशि की वसूली के लिए प्रभावी, समयबद्ध और परिणाममुखी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में राजस्व और मार्केट विभाग के कामों की विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान, अपर आयुक्त आकाश सिंह, उपायुक्त गरिमा पाटीदार सहित राजस्व एवं मार्केट विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

1970 से 2024 तक की 1.38 करोड़ मार्कशीट ऑनलाइन

# अब 52 कोर्स में 2 से 3 दिन में मिलेगी डुप्लीकेट कॉपी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

यदि आपको यूनिवर्सिटी से 1970 से लेकर 2024 तक की मार्कशीट चाहिए तो इसके लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। महज दो से तीन दिन और इमरजेंसी में 24 घंटे में यह मार्कशीट आपको मिल जाएगी।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) ने 52 कोर्स की 1.38 करोड़ मार्कशीट का रिकॉर्ड डिजिटल कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश में डीएवीवी ऐसा करने वाला पहला विश्वविद्यालय बन गया है। विश्वविद्यालय की 10 सदस्यीय तकनीकी टीम ने सवा साल तक लगातार काम कर 23 लाख टेबुलेशन चार्ट स्कैन किए। प्रत्येक पेज पर छह विद्यार्थियों का विषयवार परीक्षा रिकॉर्ड सुरक्षित था। अब यह पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध है। वर्तमान दो वर्षों का डेटा पहले से ऑनलाइन है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और विद्यार्थियों को जल्दी सेवा देने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया था, जिसे 31 जुलाई 2026 को पूरा कर लिया गया।

कुलपति प्रो. राकेश सिंघई ने बताया कि कई बंद हो चुके कोर्सों के रिकॉर्ड भी अलग-अलग स्टोर और रैक से खोजकर जुटाए गए। कई बार टीम ने रात 9 बजे तक काम किया और छुट्टियों में भी रिकॉर्ड व्यवस्थित कर डिजिटलाइजेशन पूरा किया। कंपनियों को भी मिलेगा बड़ा फायदा डीएवीवी से पढ़ाई कर चुके लाखों विद्यार्थियों की मार्कशीट का सत्यापन नौकरी से पहले कंपनियां कराती हैं। अभी इसमें एक सप्ताह से तीन महीने तक लगते थे। अब यह सत्यापन 24 घंटे में किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय को प्रतिदिन 500 से अधिक सत्यापन आवेदन प्राप्त होते हैं।

---

एआई और आधुनिक एंडोस्कोपी बदल रहे गैस्ट्रो बीमारियों के इलाज की तस्वीर, जुटे देशभर के एक्सपर्ट्स

# बिना ऑपरेशन अब जटिल पित्त की पथरी का इलाज संभव

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




पित्त की नली (कॉमन बाइल डक्ट) में फंसी बड़ी और जटिल पथरी का इलाज अब बड़े ऑपरेशन के बिना भी संभव हो गया है। आधुनिक एंडोस्कोपी, लेजर और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों की मदद से अधिकांश मरीजों का सुरक्षित इलाज किया जा रहा है। इससे मरीजों को कम दर्द, जल्दी रिकवरी और अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहने जैसे बड़े फायदे मिल रहे हैं।

यह जानकारी इंदौर में आयोजित दो दिवसीय 'गैस्ट्रो अपडेट 2.0 एवं आईएसजी इंदौर 2026' के उद्घाटन सत्र में ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. हरि प्रसाद यादव ने दी। इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में देशभर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, एंडोस्कोपिस्ट और फिजिशियन शामिल हुए।

सभी एक्सपर्ट्स ने पाचन तंत्र और लिवर से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक उपचार, नई तकनीकों और जटिल मामलों पर विस्तार से चर्चा की।

कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ के सीनियर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. राजेश पुरी (मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम) ने किया। उन्हों न कहा कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्षेत्र में आधुनिक एंडोस्कोपी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों ने उपचार के तरीके पूरी तरह बदल दिए हैं।

अब पेट और पाचन तंत्र की कई गंभीर बीमारियों की शुरूआती चरण में ही पहचान कर बिना बड़े ऑपरेशन के प्रभावी इलाज संभव हो रहा है। उनका कहना है कि आने वाले समय में एआई आधारित तकनीकें बीमारी की पहचान और उपचार को और अधिक सटीक बनाएंगी।

### पहले दिन इन विषयों पर हुई चर्चा

- ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अरुण एस. भदौरिया ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन 'जीआई एंडोस्कोपी : वर्तमान और भविष्य' तथा 'कठिन कॉमन बाइल डक्ट स्टोन : पुरानी समस्या के लिए नई तकनीकें' जैसे विषयों पर एक्सपर्टस ने अपने अनुभव साझा किए।
- दूसरे दिन पीलिया, फैटी लिवर, क्रोनिक हेपेटाइटिस-बी, लिवर ट्रांसप्लांट, गैस और अपच, अल्सरेटिव कोलाइटिस, एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस, कोलैंजियोस्कोपी और एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर देश के एक्सपर्टस अनुभव साझा करेंगे। इस दौरान गट क्लब इंदौर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी पदभार ग्रहण किया।

---

मोबाइल लोकेशन, होटल के सीसीटीवी, डीएनए और कॉल डिटेल बने सबसे बड़े सबूत, मिली उम्रकैद

# पत्नी, प्रेमी और दोस्त...ऐसे रची जावेद की हत्या की साजिश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




जावेद, मृतक

एक अवैध रिश्ते को छिपाने के लिए पति की हत्या की साजिश कैसे रची गई, इसकी परतें पुलिस जांच में एक-एक कर खुलती चली गईं। मोबाइल कॉल डिटेल, होटल के सीसीटीवी फुटेज, डीएनए रिपोर्ट और शव की बरामदगी जैसे वैज्ञानिक साक्ष्यों ने पूरे घटनाक्रम को जोड़ दिया।

इन्हीं मजबूत सबूतों के आधार पर कोर्ट ने पत्नी, उसके प्रेमी और सहयोगी को हत्या की साजिश और हत्या का दोषी माना।

इंदौर के चर्चित जावेद मंसूरी हत्याकांड में पुलिस की जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों ने हत्या की पूरी साजिश का पदार्फाश कर दिया। कोर्ट ने माना कि यह कोई अचानक हुई वारदात नहीं थी, बल्कि पहले से रची गई सुनियोजित साजिश थी। पत्नी रुखसाना, उसके प्रेमी सद्दाम हुसैन और सहयोगी शाकिर खान ने मिलकर जावेद को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 21 अप्रैल 2023 की रात वारदात को अंजाम दिया।

कोर्ट ने अभियोजन द्वारा पेश परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की मजबूत श्रृंखला को स्वीकार करते हुए तीनों आरोपियों को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सद्दाम और शाकिर को साक्ष्य मिटाने का भी दोषी पाया गया।

**ऐसे खुली हत्या की पूरी साजिश-** चंदन नगर पुलिस की जांच में सबसे पहले मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन से महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद होटल के सीसीटीवी फुटेज सामने आए, जिनमें 21 अप्रैल 2023 को रुखसाना और सद्दाम कई घंटे तक एक होटल के कमरे में साथ दिखाई दिए। अभियोजन के अनुसार, इसी मुलाकात के दौरान जावेद की हत्या की साजिश को अंतिम रूप दिया गया। जांच आगे बढ़ी तो सद्दाम की निशानदेही पर जावेद का शव बरामद हुआ।

डीएनए जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मोबाइल कॉल डिटेल, होटल रिकॉर्ड और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों ने पुलिस की जांच को मजबूत आधार दिया। कोर्ट ने माना कि इन सभी साक्ष्यों ने घटनाक्रम की ऐसी अटूट कड़ी प्रस्तुत की, जिससे तीनों आरोपियों की भूमिका संदेह से परे सिद्ध हो गई। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि पत्नी रुखसाना और सद्दाम के बीच अवैध संबंध इस हत्या की मुख्य वजह बने। दोनों ने शाकिर की मदद से सुनियोजित तरीके से जावेद की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। पुलिस द्वारा पेश किए गए वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों ने पूरे षड्यंत्र की पुष्टि कर दी।

### सबसे पहले जानिए क्या था मामला

- 21 अप्रैल 2023 को इंदौर में जावेद मंसूरी की हत्या कर दी गई थी। जावेद मंसूरी घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस पर अगले दिन पत्नी रुखसाना ने चंदन नगर थाने में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। फिर पुलिस को कुछ सूत्र मिले और रुखसाना के हावभाव से भी शक हुआ।
- जांच में पता चला कि उसी दिन उसकी पत्नी रुखसाना अपने प्रेमी सद्दाम हुसैन के साथ होटल में ठहरी थी। यहीं से पुलिस का शक गहराता गया और मामला पत्नी के सद्दाम के साथ प्रेम-प्रसंग का निकला। इन दोनों ने ही अपने साथी शाकिर के साथ जावेद को मौत के घाट उतारा था।

# एक पैर से 250 किमी कांवड़ लेकर निकला भक्त

## एडीजी ने फूल बरसाए, मेरठ में 10 दिन स्कूल बंद, नदी में बहे कांवड़िए को बचाने का मॉकड्रिल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मेरठ





यूपी की सड़कों पर कांवड़ियों की भीड़ है। कुछ हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे हैं, तो कुछ वहां से लौट रहे हैं। दिल्ली के मुकेश ठाकुर आर्टिफिशियल पैर के सहारे कांवड़ लेकर हरिद्वार से 250 किमी दूर दिल्ली जा रहे हैं। वहां भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा- मेरा एक पैर सड़क हादसे में चला गया था। मुझे हर कदम पर दर्द होता है, लेकिन बाबा भोलेनाथ मुझे आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं।


मेरठ में एक कांवड़िया भगवान शिव की मूर्ति कंधे पर रखकर हरिद्वार के लिए जा रहा है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ियों को बचाने की मॉकड्रिल की है। पुलिस ने पुतले को पुल से नदी में फेंका। यह देखते ही नदी में तैनात जवानों ने छलांग लगाकर पुतले को बाहर निकाला। मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। कांवड़ यात्रा को देखते हुए मेरठ में 12 अगस्त और मुजफ्फरनगर में 10 अगस्त तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

इधर, कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट है। सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कांवड़ मार्गों पर सीसीटीवी और अक कैमरे लगाए गए हैं। मेरठ जोन में कांवड़ मार्गों पर शराब और नॉन-वेज की दुकानें बंद करा दी गई हैं।

# दिल्ली के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में 2.9 तीव्रता का भूकंप

### सुबह 4:14 बजे लगे झटके 8 किमी गहराई में था केंद्र

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में रविवार सुबह 4:14 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.9 रही। भूकंप का केंद्र जमीन से 8 किलोमीटर की गहराई में था।

फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, कम गहराई वाले भूकंपों के झटके सतह पर अधिक महसूस होते हैं, हालांकि इस भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण बड़े नुकसान की आशंका नहीं है।



# रश्मिका मंदाना शूटिंग के दौरान हुईं चोटिल, डॉक्टर ने दी 6 हफ्ते आराम की सलाह

रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गई हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह चोट उन्हें डांस और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी। हालांकि, रश्मिका या उनकी टीम की तरफ से इसको लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। चोट की वजह से रश्मिका का शूटिंग शेड्यूल रोक दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग कर रही थीं। इसी दौरान उनकी हिप से जुड़ा एक टेंडन पूरी तरह अलग हो गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की चोट आमतौर पर प्रोफेशनल एथलीट्स में देखी जाती है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें छह हफ्ते तक पूरी तरह आराम करने और फिर बताए गए रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम को शुरू करने की सलाह दी गई है।

इस चोट की वजह से रश्मिका के आने वाले शूटिंग शेड्यूल और दूसरे प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पर असर पड़ सकता है। वह अभी राणाबली और माइसा जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों पर काम कर रही हैं और कई एंडोर्समेंट कैंपेन भी मैनेज कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी अभी की शूटिंग और कमर्शियल असाइनमेंट्स को रीशेड्यूल किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर फैंस उनके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। रश्मिका मंदाना अभी इंडियन सिनेमा की सबसे बिजी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अभी चार बड़ी फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं और लगभग 30 नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स को प्रमोट कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार हिंदी फिल्म 'कॉकटेल 2' में नजर आई थीं। वहीं, रश्मिका की साल 2025 में पांच फिल्में रिलीज हुईं। उन्होंने हिंदी फिल्म 'छावा' में महारानी येसूबाई का किरदार निभाया। इसके बाद वह 'सिकंदर' में सैसरी राजकोट की भूमिका में नजर आईं। वहीं, रश्मिका ने तेलुगु-तमिल द्विभाषी फिल्म 'कुबेरा' और हिंदी फिल्म 'थामा' में भी काम किया।



# सलमान खान ने घटाई फीस 120 करोड़ की जगह 70 करोड़ ले रहे



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही फिल्म ₹श363 के लिए कथित तौर पर 70 करोड़ की फीस तय की है।

फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, सलमान खान आमतौर पर एक फिल्म के लिए 120 करोड़ या उससे अधिक फीस लेते हैं। ऐसे में यह रकम उनकी नॉर्मल फीस का लगभग 60% बताई जा रही है। रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया गया है कि सलमान के पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मीडिएटर का काम कर रहे हैं। उनका नाम फिल्म के प्रोड्यूसर्स में भी शामिल रहेगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान अपनी अपफ्रंट फीस कम करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि, सूत्र ने यह साफ नहीं किया कि क्या इस समझौते में सलमान खान को फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी भी मिलेगी। पिछले कई सालों से उनकी फिल्मों में इस तरह की व्यवस्था होने की बात सामने आती रही है।

बता दें कि सलमान इन दिनों फिल्म 'एसवीसी 63' की शूटिंग कर रहे हैं। वामशी पेडिपल्ली के डायरेक्शन में बन रही इस एक्शन फिल्म को दिल राजू की श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में नयनतारा पहली बार सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

# साहिया की सेंसर प्रक्रिया पर विवाद



फिल्म साहिया की सेंसर प्रक्रिया में कथित देरी को लेकर इसके प्रोड्यूसर और डायरेक्टर संजय शर्मा ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि फिल्म को प्रायोरिटी कैटेगरी में सबमिट किया गया था, लेकिन तय समयसीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। इससे फिल्म के रिलीज प्लान पर असर पड़ रहा है और प्रोड्यूसर्स को फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। बता दें कि फिल्म ह्यसाहियाह्ल की शूटिंग झारखंड के नेतरहाट क्षेत्र में की गई है। फिल्म में नीरज काबी, शांतनु माहेश्वरी और रिंकू राजगुरु मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, संगीत में सोना मोहपात्रा, जावेद अली, रिचा शर्मा, कृष्णा बेउरा और स्वानंद किरकिरे ने अपनी आवाज दी है।

### जंगल की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक पारिवारिक और मानवीय प्रेम कहानी

संजय शर्मा ने कहा कि नियमों के अनुसार तत्काल श्रेणी में आवेदन करने पर कुछ ही दिनों के भीतर फिल्म की स्क्रीनिंग हो जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी फिल्म की स्क्रीनिंग करीब डेढ़ महीने बाद की गई। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के दौरान यह बताया गया कि फिल्म में नक्सलवाद की पृष्ठभूमि होने के कारण इसे रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाएगा। वहीं, संजय शर्मा का कहना है कि ह्यसाहियाह्ल नक्सलवाद पर आधारित फिल्म नहीं है, बल्कि जंगल की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक पारिवारिक और मानवीय प्रेम कहानी है। फिल्म में किसी भी प्रकार की हिंसक विचारधारा या नक्सलवाद का समर्थन अथवा प्रचार नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि स्क्रीनिंग के बाद 10 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अब तक यह जानकारी नहीं दी गई है

# किडनी-लिवर की रिपोर्ट को लेकर डरे पवन सिंह



भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह अपनी सेहत और मेडिकल रिपोर्ट को लेकर काफी हैं। आगामी शो 'भोजपुरी बवाल' के सेट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पवन सिंह अपनी किडनी और लिवर की टेस्ट रिपोर्ट को लेकर चिंता जताते दिख रहे हैं।

अपनी ज्यादा सोचने (ओवरथिंकिंग) की आदत की वजह से पवन सिंह डॉक्टर की सलाह का इंतजार करने के बजाय खुद ही इंटरनेट और एलेक्सा पर मेडिकल टर्म्स सर्च करने लगे। यह शो 2 अगस्त से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रहा है। वीडियो में पवन सिंह अपने साथियों के साथ सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। वे परेशान होकर पूछते हैं, ₹रिपोर्टवा सही आई ना रे?₹ इस पर उनकी टीम के सदस्य उन्हें दिलासा देते हैं कि लाखों लोगों का आशीर्वाद उनके साथ है, उन्हें कुछ नहीं होगा हालांकि, पवन सिंह अपनी ओवरथिंकिंग की आदत को स्वीकार करते हुए कहते हैं कि उन्हें जरूरत से ज्यादा सोचने की बीमारी है। जैसे ही टीम का एक सदस्य हाथ में रिपोर्ट की फाइल लेकर आता है, पवन सिंह तुरंत पूछते हैं कि इसमें कोई डराने वाली बात तो नहीं है।

# आध्यात्मिक शरण में एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस एवं निर्देशक टिस्का चोपड़ा इन दिनों हिमाचल प्रदेश की शांत वादियों में आध्यात्मिक सुकून की तलाश में हैं। गुरु पूर्णिमा पर उन्होंने पालमपुर के कंदवाड़ी स्थित महावतार बाबा मेडिटेशन सेंटर का दौरा किया।


यहां उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरु योगीराज अमर ज्योति से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों की यह मुलाकात लगभग तीन दशकों (30 वर्षों) के लंबे अंतराल के बाद हुई है। बातचीत में टिस्का चोपड़ा ने नुभव को बेहद भावुक और आत्मिक बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 30 वर्षों के बाद अपने गुरु योगीराज अमर ज्योति से दोबारा मिलना उनके लिए किसी 'घर वापसी' जैसा अनुभव था। आश्रम प्रवास के दौरान उन्होंने ध्यान (मेडिटेशन), पवित्र हवन और गुरु के सान्निध्य में समय बिताया।


टिस्का चोपड़ा ने कहा कि कुछ अनुभव शोर के साथ नहीं आते, बल्कि चुपचाप जीवन में उतरते हैं। वे अपने साथ अधिक स्पष्टता, विनम्रता और यह एहसास छोड़ जाते हैं कि जीवन की सबसे गहरी यात्राएं हमेशा भीतर की ओर होती हैं।₹ – आश्रम प्रवास के बाद टिस्का ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्वीकार किया कि जब जीवन में तनाव, अत्यधिक सोच और लगातार भागदौड़ बढ़ जाती है, तब उनकी रचनात्मकता फीकी पड़ने लगती है। ऐसे समय में परिस्थितियों से उलझने के बजाय वे सुकून की तलाश में सीधे पहाड़ों की ओर रुख कर लेती हैं।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि देवदार के वृक्षों की महक, बर्फीली धाराओं का शीतल जल और बादलों के बीच बिताए कुछ दिन उनकी आत्मा को फिर से तरोताजा और शांत कर देते हैं।

टिस्का ने साझा किया कि इस बार की हिमाचल यात्रा केवल विश्राम तक सीमित नहीं थी। ईश्वर की कृपा से उन्हें गुरु पूर्णिमा के विशेष दिन बाबाजी के आश्रम में रहने, हवन यज्ञ में हिस्सा लेने और अपने गुरु का प्रत्यक्ष आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला, जिसने उन्हें मानसिक व आत्मिक रूप से नई ऊर्जा से भर दिया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे। तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!



डॉक्टर - क्या बात है...?
पप्पू - जी कुत्ते ने काट लिया है...
डॉक्टर - तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तुम एक बजे आए हो...
पप्पू - जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा था...!!!



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंककर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हरपल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | | 99 | | 99 | | 49 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 40 | | 5 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 3 | | 50 | | 10 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 39 | | 58 | | 9 | | 34 | = | 5/?2 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ह्र | म | ही | ला | धी | सी | ल | ज |
| र | जि | ल | दे | क्रां | ति | ह्र | ई | म | ला | ई |
| त | स | म | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | म | द |
| व | ज | ज | हा | पु | र | म | प | र | हा | व |
| म | जा | म | ग | दे | लं | हा | तू | जी | रा | निं |
| स | म | व | श | ह | व | रा | ना | म | णा | ग |
| ते | ज | स | त | हू | प | जा | श | स | ला | ट्रे |
| पे | यू | दा | ई | ह | र | सा | फ | ल | श | न |
| स | र | चे | न | म | हा | न | री | ना | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | शो | ले | दु | म | ज | दू | र |
| ह | रा | जी | व | र्गा | धी | रा | क | या | म | त |

शब्दजाल में 'म' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

महान, मजबूर, मजदूर, महिला, महाराणा, महादेव, मसलना, मलाई, मशहूर, महाराजा

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| | 33 | | 36 | | 27 | |
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | | 30 | 1 | 26 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 36 | 6 | 32 | | 34 | 3 |
| | 2 | | 4 | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 30 | - | 40 | + | 50 | = | 60 |
| + | ■ | - | ■ | x | ■ | - | ■ | + |
| 40 | - | 30 | + | 40 | - | 50 | = | 0 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 50 | ÷ | 2 | - | 20 | x | 10 | = | 50 |
| x | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 2 | x | 45 | - | 70 | + | 40 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | + | 47 | - | 10 | - | 50 | = | ? |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू बवाल

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू बवाल ---- का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## आरटीआई एक्टिविस्ट ने सीजेपी फंड पर उठाए सवाल

# अभिजीत दीपके के पिता की संपत्ति की जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत





सूरत के आरटीआई एक्टिविस्ट अमित तिवारी ने सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल द्वारा सीजेपी के प्रदर्शनकारियों के लिए घोषित एक करोड़ रुपए के लीगल डिफेंस फंड की जांच कराने की मांग की है।

एक्टिविस्ट तिवारी ने कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके की संपत्ति की भी जांच की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया है कि महाराष्ट्र सरकार के एक रिटायर्ड कर्मचारी ने अपने बेटे की विदेश में पढ़ाई का खर्च कैसे उठाया।

**चुनाव आयोग-टैक्स अधिकारियों को लेटर लिखा**

तिवारी ने इस संबंध में चुनाव आयोग और टैक्स अधिकारियों को लेटर लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है। तिवारी ने कहा कि सीजेपी रजिस्टर्ड संस्था नहीं है, लेकिन यह राजनीतिक दल के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि इसे एक करोड़ रुपए का कानूनी बचाव कोष देने का वादा किया गया है, तो चुनाव आयोग को यह सत्यापित करना चाहिए कि क्या सीजेपी रजिस्टर्ड संस्था है। तिवारी ने आगे कहा कि यदि संस्था रजिस्टर्ड नहीं है, तो राजनीतिक दल के नाम पर काम करना और फंड इकट्ठा करना जांच का विषय हो सकता है। उन्होंने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड से भी संपर्क किया है। उन्होंने पूछा है कि क्या सिबल द्वारा प्रस्तावित योगदान पर जीएसटी लागू होगा।

### कॉकरोच-पार्टी ने स्टूडेंट्स की लीगल मदद के लिए फंड बनाया

कॉकरोच जनता पार्टी ने 27 जुलाई को पेपर लीक आंदोलन के बाद आपराधिक मामलों का सामना कर रहे छात्रों की कानूनी सहायता के लिए लीगल डिफेंस फंड बनाने की घोषणा की थी। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने इस फंड में 1 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। उन्होंने देशभर के वकीलों से भी इस कोष में योगदान देने की अपील की थी। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा था कि केंद्र सरकार के आश्वासन के बावजूद देशभर में छात्रों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया था कि इस मामले में सीजेपी सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के संपर्क में है। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कपिल सिब्बल भी मौजूद थे।

# बिहार सरकार के मंत्री चौधरी ने किए महाकाल के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बिहार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार सुबह उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में भाग लिया। वे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता हैं। इस दौरान मंत्री चौधरी भगवा परिधान में हाथों में माला लिए शिवभक्ति में लीन दिखाई दिए। भस्म आरती के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

दर्शन के उपरांत मंत्री अशोक चौधरी ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से लगातार महाकाल के दर्शन के लिए आ रहे हैं और हर वर्ष व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं। मंत्री चौधरी ने ऑनलाइन बुकिंग और आधार आधारित टिकट जैसी व्यवस्थाओं को दर्शन के लिए अधिक सुगम बताया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सावन में भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन बेहतर प्रबंधन कर रहा है।



■ वर्ष-12 अंक-270 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 02 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

अंतकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥

**भावार्थ** : जो पुरुष अंतकाल में भी मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मेरे साक्षात स्वरूप को प्राप्त होता है- इसमें कुछ भी संशय नहीं है।

न दैवमपि सञ्चित्य त्यजेदुद्योगमात्मनः।
अनुद्योगेन कस्तैलं तिलेभ्यः प्राप्तुमर्हति ॥

**भावार्थ** : दैव यानी भाग्य का विचार करके व्यक्ति को कार्य-संपादन का अपना प्रयास त्याग नहीं देना चाहिए। भला समुचित प्रयास के बिना कौन तिलों से तेल प्राप्त कर सकता है?

## अधिकारिणः अवदन् यत् ते अन्येषां सीसीटीवी-दृश्यानां

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

पुरातनप्रतिद्वन्द्वात् एषा घटना उत्पन्ना वा भिन्नविवादस्य परिणामः वा इति निर्धारयितुं पुलिस कार्यं कुर्वती अस्ति। अभियुक्तानां प्रश्नोत्तरं प्रचलति, तेषां अपराध-अभिलेखानां परीक्षणं च क्रियते। घटनायाः अनन्तरं पुलिसैः घटनास्थले परितः च स्थापितानां सीसीटीवी-कैमराणां दृश्यानां परीक्षणं आरब्धम्। अधिकारिणः अवदन् यत् ते अन्येषां सीसीटीवी-दृश्यानां, तकनीकीसाक्ष्याणां च पार्श्वे वायरल्-वीडियो-इत्यस्य उपयोगेन घटनानां क्रमं एकत्र कृत्वा प्रकरणस्य प्रत्येकं पक्षं स्पष्टीकरोति। पुलिस-न्यायिक-दलेन अपि स्थलात् आवश्यकानि प्रमाणानि एकत्रितानि सन्ति।

## सम्पादकीयम्

### खानाबदोश श्रेय

दशकेषु वर्धमानसामाजिकवैषम्यं विषये अपि वादविवादः अभवत् प्रसिद्धः अर्थशास्त्री थोमस पिकेट्टी, भारते वित्तीयसमयस्य पूर्वसंवाददाता जेम्स् क्रैब्ट्री च देशस्य वर्धमानस्य असमानतायाः विषये लिखितवन्तौ। जेम्स् स्वस्य पुस्तके अर्बपतिराज इति लिखति यत् आर्थिकोदारीकरणानन्तरं भारते आर्थिकविषमता चरमस्तरं प्राप्तवती अस्ति। सः एतस्य उदयस्य कारणं क्रोनी-पूँजीवादस्य अपि आरोपयति। आर्थिकविषमता देशस्य सामाजिकराजनैतिकव्यवस्थासु आव्हानानि जनयति इति विशेषज्ञाः चिरकालात् चेतयन्ति। परन्तु इति पुस्तके जॉन् ओ.मैक्गिनिस् लोकतान्त्रिकव्यवस्थासु धनस्य भूमिकायाः रक्षणं करोति, यत् धनिनः समाजे आवश्यकं स्थिरतां आनयन्ति इति तर्कयति एनवाईसी-नगरस्य मेयरः जोहरान् ममदानी इत्यस्य प्रमुखः निर्णयः पूंजीवादस्य समाजवादस्य च मध्ये भयंकरं वादविवादं पुनः प्रज्वलयति। अरबपतिः केवलं स्वशक्तिकारणात् लोकतान्त्रिकमान्यतानां अवहेलनां कुर्वन्ति इति धारणाम् मैक्गिनिस् आव्हानं करोति। सः आह यत् धनिनः वस्तुतः अन्येषां प्रभावशालिनां समूहानां प्रतिकाररूपेण कार्यं कुर्वन्ति-यथा पत्रकाराः, शिक्षाविदः, मनोरञ्जन-उद्योगस्य व्यक्तिः च यद्यपि एते समूहाः जनमतस्य स्वरूपनिमार्णे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति तथापि तेषां निर्वाचनजवाबदेही न भवति।

## मुद्रापत्रैः अलङ्कृतः अद्वितीयः कंवरः आकर्षणस्य केन्द्रं भवति

# भक्तानाम् आस्थायाः अद्वितीयः अभिव्यक्तिः ध्यानं आकर्षयति, भोलेनाथस्य प्रति तेषां

ब्रह्मास्त्र ›› हरिद्वार



उत्तराखण्डस्य हरिद्वारनगरे प्रचलति कंवरमेला कालखण्डे भगवान् शिवभक्तेः अद्वितीया अभिव्यक्तिः तीर्थयात्रिकाणां कृते प्रमुखा आकर्षणं जातम् अस्ति। हर की पौरी इत्यत्र दिल्लीतः भक्तैः वास्तविकमुद्रानोटैः अलङ्कृतं कंवर-तीर्थयात्रिकैः वह्यमानं संस्कारात्मकं वेणुसंरचनं-दर्शनार्थं भक्तानां समूहः एकत्रितः। अस्य अद्वितीयस्य कंवरस्य फोटो, विडियो च ग्रहीतुं जनाः स्थगितवन्तः। भक्ताः अवदन् यत् एषः कंवरः दर्शयितुं न निर्मितः, अपितु भगवतः भोलेनाथस्य प्रति तेषां श्रद्धायाः, सेवाभावनायाः च प्रतीकरूपेण निर्मितः अस्ति।

दिल्लीनगरस्य हर्षविहारनिवासिनः दीपान्शुः विकासः तरुणः च गङ्गायाः पवित्रजलं संग्रहीतुं हरिद्वारनगरम् आगताः आसन्। अस्मिन् समये तेषां कंवरं १००, ५०, २०, १० रुप्यकाणां मूल्यानां वास्तविकमुद्रानोटैः अलङ्कृत्य विशिष्टं रूपं दातुं निश्चयः अभवत्। भक्तानां मते गतवर्षस्य कंवरयात्रायाः समये एषः विचारः तेषां मनसि आहतः, अस्मिन् वर्षे च तेषां संकल्पं यथार्थरूपेण परिणमयितम्। टिप्पणीनां विशिष्टा गणना न स्थापिता; यथा यथा टिप्पण्याः उपलब्धाः भवन्ति स्म, तथैव ते कन्वर इत्यत्र सावधानीपूर्वकं संलग्नाः भवन्ति स्म।

भक्तानां मध्ये एकः दीपंशुः उल्लेखितवान् यत् अस्य विशेषस्य कंवरस्य निमार्णार्थं नव जनाः एकदिनम् एकरात्रौ च निरन्तरं कार्यं कुर्वन्ति स्म। वर्षाऋतुम् अवलोक्य यात्रायाः कालखण्डे जलक्षतितः स्वराणां रक्षणार्थं सम्पूर्णं संरचना पारदर्शकप्लास्टिकपत्रेण आच्छादितम् आसीत्। सः अवदत् यत् अस्य विस्तृतस्य सज्जतायाः पृष्ठतः एकमात्रं उद्देश्यं भगवतः शिवस्य विषये तेषां विश्वासस्य अद्वितीयरूपेण अभिव्यक्तिः एव आसीत्।

दीपंशुः व्याख्यातवान् यत् कंवरयात्रा सम्पन्नं कृत्वा दिल्लीनगरस्य शिवमन्दिरं प्राप्ते कंवर इत्यनेन सह संलग्नाः सर्वे नोटाः निष्कास्य मन्दिराय दानं करिष्यन्ति। अस्य धनस्य उपयोगः सामाजिकभोजानां (भण्डराः), धार्मिककार्यक्रमानाम्, आवश्यकतावशात् सहायतां च इत्यादीनां सामाजिकानां धार्मिकाणां च कायार्णां कृते उपयुज्यते स्म सः अपि अवदत् यत्, अस्मिन् अवसरे सः शिवस्य कृते अपि विशेषप्रार्थनाम् अकरोत्। यदि तेषां इच्छा पूर्णा भवति तर्हि तेभ्यः अपि अधिकमुद्रापत्रैः अलङ्कृतं ततोऽपि बृहत्तरं कंवरं गृहीत्वा हरिद्वारं प्रति प्रत्यागमनस्य संकल्पः कृतः अस्ति।

तरुणः सहकर्मी कंवर तीर्थयात्री अवदत् यत् तस्य व्यक्तिगतः इच्छा नास्ति यत् सः पूरितः भवेत्। यदा सः शिवभक्त्याः कारणात् प्रतिवर्षं कंवरयात्राम् आचरति, तदा अस्मिन् समये सः तां भक्तिं अद्वितीयरूपेण व्यक्तं कर्तुं प्रयतितवान्। सः व्याख्यातवान् यत् कन्वर इत्यनेन सह संलग्नाः सर्वे मुद्रापत्राः अन्ततः मन्दिराय दानं करिष्यन्ति, येन तेषां उपयोगः लोकसेवायां धार्मिककार्यक्रमेषु च सम्भवति।

हर की पौरी इत्यत्र अयं अद्वितीयः कंवरः भक्तानां पर्यटकानां च विशेषं ध्यानं आकर्षितवान्। तया सह छायाचित्रं गृहीत्वा तस्य विषये पृच्छन्तः जनाः बहुसंख्याकाः दृश्यन्ते स्म। यद्यपि प्रतिवर्षं कंवरयात्रायां भक्ताः विभिन्नरीत्या स्वविश्वासं प्रकटयन्ति तथापि मुद्रापत्रैः अलङ्कृतः कंवरः अस्मिन् समये वातालापस्य प्रमुखः विषयः अभवत्।

## राहुलगान्धीपरिवारस्य विरुद्धं

### विवादास्पदटिप्पण्याः कारणेन भाजपाविधायकः विपत्तौ अवतरति

ब्रह्मास्त्र ›› बेङ्गलूरु

भाजपाविधायकस्य यशपालसुवर्णस्य विवादास्पदं टिप्पणं कृत्वा कर्नाटकदेशे राजनैतिकविवादः प्रवृत्तः। लोकसभायां विपक्षस्य नेता राहुलगान्धी इत्यस्य परिवारस्य विषये तस्य वक्तव्यस्य अनन्तरं पुलिसेन तस्य विरुद्धं प्राथमिकी कृता अस्ति।

उडुपीजिल्लाकाङ्ग्रेससमितेः अध्यक्षस्य अशोककुमारकोडावूरस्य शिकायतया बुधवासरे उडुपीनगरपुलिसस्थानके पञ्जीकृतः। भारतीयन्यायसंहिता (बीएनएस) इत्यस्य धारा ५७, १९२, १९६(२), ३५२, ३५३(२), ३५१(२) च अन्तर्गतं विधायकं पुलिसैः मुकदमा कृतः अस्ति।

समाचारानुसारं उडुप्यां भाजपाद्वारा आयोजितं सार्वजनिककार्यक्रमं सम्बोधयन् यशपालसुवर्णः काङ्ग्रेसनेतृत्वं लक्ष्यं कृतवान्। सः अवदत् यत् यदि ते एतादृशानि नाट्यगृहाणि निरन्तरं कुर्वन्ति तर्हि काङ्ग्रेसवंशः राहुलगान्धिनः परिवारः च निर्मूलिताः भविष्यन्ति, यथा १९९२ तमे वर्षे भाजपाकार्यकर्तारः स्वभावनाः आहताः अभवन् ततः बाबरीमस्जिदं ध्वस्तं कृतवन्तः।

एतेन वक्तव्येन कर्नाटकदेशे राजनैतिककोलाहलः उत्पन्नः। काङ्ग्रेसपक्षः भाजपायाः उपरि द्वेषभाषणेषु, भयङ्कराजनीते च प्रवृत्तः इति आरोपं कृतवान्। विधायकस्य भाषणस्य एकः भिडियो सामाजिकमाध्यमेषु वायरल भवति, अतः तस्य विरुद्धं कठोरकानूनीकार्याणि कर्तुं आग्रहाः सन्ति। कर्नाटकप्रदेशकाङ्ग्रेससमितेः कार्याध्यक्षः एमएलसी च मञ्जुनाथभण्डारी राज्यसर्वकारेण एतत् विषयं गम्भीरतापूर्वकं गृहीतवान् इति उक्तवान्, कानूनानुसारं सख्तकार्यवाही भविष्यति। सः यशपालसुवर्णस्य वचनं घृणितम्, अपमानजनकं, प्रज्वलनं च इति वर्णितवान्, संविधानस्य शपथं गृहीतस्य जनप्रतिनिधिस्य कृते एतादृशी इति च अवदत्।

## राशिफल

**मेष** : कामकाज में मेहनत का अच्छा नतीजा मिलेगा। खर्च करते समय थोड़ा सोच-समझकर फैसला लें।

**वृषभ** : अपनी सेहत को बिल्कुल नजरअंदाज न करें। किसी भी बात पर जरूरत से ज्यादा तनाव लेने से बचें।

**मिथुन** : पैसों से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें। दिनभर खुद को एक्टिव रखें और खान-पान पर ध्यान दें।

**कर्क** : खर्चों पर थोड़ा कंट्रोल रखें और अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। अपनों से खुलकर बात करना रिश्तों को मजबूत करेगा।

**सिंह** : किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है। यह कनेक्शन बनाने के लिए एक अच्छा दिन है।

**कन्या** : किसी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। परिवार के साथ बिताया समय मन को सुकून देगा।

**तुला** : बाहर का खाना कम खाएं और सेहत को प्राथमिकता दें। शाम तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक** : किसी भी अफवाह या दूसरों की बातों में आकर फैसला लेने से बचें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**धनु** : आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें लेकिन किसी भी काम में लापरवाही ना करें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मकर** : शांत रहकर लिए गए फैसले आपके लिए फायदेमंद रहेंगे। आर्थिक मामलों में समझदारी दिखाएं।

**कुंभ** : दोस्तों या सहकर्मियों से अच्छा सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा का भी योग बन सकता है।

**मीन** : अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखें। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो दिन बेहतर रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# कर्क में अस्त गुरु इन राशि वालों की बढ़ाएंगे टेंशन, 9 अगस्त तक दिन रहेंगे भारी

गुरु कर्क राशि में अस्त हैं। इस राशि में वह 9 अगस्त तक बने रहेंगे। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए परेशानियों भरा हो सकता है। आइए इनके नाम जानते हैं।

वर्तमान में देवगुरु बृहस्पति कर्क राशि में अस्त अवस्था में विराजमान हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, गुरु 9 अगस्त 2026 तक अस्त रहेंगे। मान्यता है कि, जब कोई शुभ ग्रह अस्त होता है, तो उसके सकारात्मक प्रभावों में कमी देखने को मिलती है। चूंकि गुरु न केवल अस्त, बल्कि अतिचारी गति से भी गोचर कर रहे हैं, जिससे उनके शुभ फल सामान्य की अपेक्षा कम माने जाते हैं। ऐसे में गुरु की यह स्थिति कई राशियों के जातकों के भाग्य पर असर डाल सकती है। इसके अलावा जातकों को धन लाभ में रुकावट, करियर और कारोबार में धीमी प्रगति, वैवाहिक जीवन, शिक्षा और निवेश में भी कुछ परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। आइए जानते हैं कि, 9 अगस्त तक किन राशियों को



विशेष सतर्क रहने की जरूरत रहेगी।

**कर्क राशि-** देवगुरु आपकी ही राशि में अस्त अवस्था में विराजमान हैं। ऐसे में व्यापार और करियर से जुड़े मामलों में उम्मीद के अनुसार परिणाम मिलने में देरी हो सकती है। संतान की ओर से कोई अशुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यापार में मंदी का सामना कर सकते हैं। नए निवेश या बड़े आर्थिक फैसले फिलहाल सोच-समझकर लें। खर्चों में वृद्धि होने की संभावना है। सेहत के मामले में भी लापरवाही न करें।

**कन्या राशि-** गुरु के अस्त होने से भाग्य का सहयोग थोड़ा कमजोर पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। आर्थिक मामलों में जोखिम लेने से बचें। धार्मिक यात्रा करने में बाधा आ सकती हैं। कोई शुभ काम न करना ही बेहतर रहेगा। किसी भी महत्वपूर्ण योजना को अंतिम रूप देने से पहले अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना लाभकारी रहेगा। काम को लेकर मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

**मकर राशि-** गुरु की यह स्थिति आपके वैवाहिक और साझेदारी संबंधी मामलों को प्रभावित कर सकती है। विवाह योग्य लोगों के रिश्तों में देरी या किसी कारणवश बाधा आ सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में कुछ दिक्कतें आएंगी। करियर के किसी भी फैसले से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना आपके लिए बेहतर रहेगा। कई कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। छोटी-सी लापरवाही भी आपके बने हुए काम को बिगाड़ सकती है।

## सोमन ने पैरा शॉटपुट में गोल्ड दिलाया; गुलवीर को 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज

# कॉमनवेल्थ में 7 भारतीय मुक्केबाजों को गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया है। भारत ने पहली बार एक ही गेम्स में 7 बॉक्सिंग गोल्ड जीत लिए।

शनिवार को प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी महिलाओं में चैंपियन बनीं। सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने पुरुषों में सोना जीता। लवलीना बोरगेहन, जादुमणि और नरेंद्र बेरवाल को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भी गोल्ड जीता। वहीं, पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में गुलवीर सिंह ने 13:24.95 मिनट की टाइमिंग के साथ ब्रॉन्ज जीता। वे 5 हजार और 10 हजार मीटर में मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।

मेडल टैली में भारत 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज सहित कुल 39 मेडल हो गए और टीम चौथे स्थान पर है।



1. **पंघाल ने इंग्लिश बॉक्सर को 4-1 से हराया-** अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के मुक्केबाज डिमेजी शिट्टू को 4-1 से हराया। अंकुश फाइनल की शुरूआत से ही अपना दबदबा बनाया और आखिर में जीत अपने नाम की।
2. **सचिन सिवाच के आखिरी पंच से सोना आया-** सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में नामीबिया के मुक्केबाज को ट्राईगेन मॉर्निंग नडेवेलो को 3-2 से हराया। दूसरे राउंड में रेफरी ने सचिन पर एक अंक की पेनल्टी लगाई थी। ऐसे में आखिरी राउंड में उनका 4-1 से जीतना जरूरी हो गया था। आखिरी राउंड भी बराबरी पर था, लेकिन सचिन में आखिरी क्षणों में दमदार पंच लगाया, इससे नडेवेलो लड़खड़ा गए। इसी पंच ने सचिन की जीत तय कर दी।
3. **अरुंधति चौधरी को भी गोल्ड-** अरुंधति चौधरी ने 70किग्रा में इंग्लैंड की कैंथले रीड को 5-0 से हराया। अंतिम राउंड के शुरूआती 30 सेकेंड में रेफरी ने दोनों मुक्केबाजों को खेल की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा। अरुंधति की प्रतिद्वंद्वी रीड को मुकाबले में वापसी के लिए आक्रामक होना था, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।
4. **प्रिया घंघास की संघर्षपूर्ण जीत-** महिलाओं के 60किग्रा फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया घंघास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कड़े मुकाबले में उन्होंने मिले जुले फैसले में 4-1 से जीत हासिल की। प्रिया ने मुकाबले की तेज शुरूआत की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी अल-अहमदियेह ने भी कुछ सटीक पंच लगाकर जोरदार जवाब दिया। फाइनल राउंड में दोनों मुक्केबाजों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रिया थकी हुई नजर आ रही थीं, लेकिन उन्होंने लगातार आक्रामक रुख बनाए रखा और दमदार पंच लगाती रहीं।
5. **साक्षी ने इंग्लैंड की खिलाड़ी को 5-0 से हराया-** महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की साक्षी चौधरी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और यूनानिमस डिसीजन 5-0 से जीत हासिल की। साक्षी ने मुकाबले के दौरान बेहतरीन रणनीति अपनाई। उन्होंने बाएं हाथ से प्रतिद्वंद्वी के पंचों को रोका और दाएं हाथ से लगातार सटीक जवाबी हमले किए। उनके कई पंच सीधे प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर लगे, जिससे मुकाबले में उनकी पकड़ मजबूत होती गई।
6. **प्रीति ने कनाडाई मुक्केबाज को हराया-** हरियाणा की बॉक्सर प्रीति पवार ने विमेंस के 54 किग्रा वर्ग में कनाडा की स्कार्लेट डेलगाडो को 5-0 से हराया। उन्होंने तीनों ही राउंड में दबदबा कायम रखा और गोल्ड अपने नाम किया। प्रीति ने 2023 के एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज जीता था। प्रीति 2024 पेरिस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 2026 एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता, जबकि 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में भी गोल्ड अपने नाम किया। प्रीति की ट्रेनिंग एनएस एनआईएस पटियाला में होती है।
7. **जैस्मिन ने मिशेला वॉल्स को 5-0 से मात दी-** हरियाणा की बॉक्सर जैस्मिन लांबोरिया 57किग्रा कैटेगरी के फाइनल में मिशेला वॉल्श को 5-0 से हराया। उन्हें सभी जजों ने एक मत फैसले से विजेता घोषित किया। जैस्मिन इस वर्ग में दुनिया की नंबर-1 बॉक्सर हैं। उन्होंने 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में गोल्ड जीता है। जैस्मिन 2024 पेरिस ओलिंपिक में भारत के लिए खेल चुकी हैं और 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं।
8. **बोरगोहेन फाइनल में 1-4 से हारीं-** लवलीना बोरगोहेन को 70 किलो भार वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की बॉक्सर एम्मा-सू ग्रीनट्री के हाथों 1-4 से हार झेलनी पड़ी। बोरगोहेन ने ओलंपिक में भी देश के लिए पदक जीता था। इस बार वे गोल्ड मेडल की प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं, लेकिन फाइनल में उन्हें उपविजेता बनकर ही वापस लौटना पड़ा।
9. **पहला राउंड जीतने के बाद पिछड़े जादुमणि-** जादुमणि ने अपने से लंबे ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी डिक्सन के खिलाफ पहला राउंड 3-2 से जीता। हालांकि, वे दूसरे और तीसरे राउंड में डिक्सन ने वापसी की और मुकाबला अपने नाम किया। जादुमणि शुक्रवार को नामीबिया के फिलिप हाओसेब को 5-0 से हराकर फाइनल में पहुंचे थे।
10. **नरेंद्र शुरूआत से ही पिछड़े, सिल्वर मिला-** नरेंद्र को पुरुषों के 90 प्लस किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पराजय झेलनी पड़ी। उन्हें इंग्लैंड के डेमर थॉमस ने 5-0 से हराया। इस मैच में नरेंद्र शुरूआत से ही पिछड़ रहे थे। आखिरी के 2 राउंड में भी वे वापसी नहीं कर सके।

## दलीप ट्रॉफी में रजत पाटीदार को सेंट्रल जोन की कप्तानी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। पिछले सीजन टीम को खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को एक बार फिर कप्तानी सौंपी गई है। टीम में भारतीय खिलाड़ी रिंकू सिंह, हर्ष दुबे और यश ठाकुर भी शामिल हैं। रिंकू को उपकप्तान बनाया गया है।

डिफेंडिंग चैंपियन होने के कारण सेंट्रल जोन को पहले राउंड में बाय मिला है। टीम 30 अगस्त से शुरू होने वाले सेमीफाइनल में सीधे उतरेगी, जहां उसका सामना ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। टूर्नामेंट 23 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा, जबकि फाइनल 6 सितंबर से खेला जाएगा।

मध्य प्रदेश के स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुना गया है। उनके साथ हर्ष दुबे और उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी भी टीम में हैं। जीशान ने हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे पर पांच साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की थी।

## कॉमनवेल्थ गेम्स का आखिरी दिन

# जूडो और साइक्लिंग में भारत को पांच मेडल की उम्मीद



ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के आखिरी दिन भारत जूडो तथा ट्रैक साइक्लिंग में अपनी चुनौती पेश करेगा। ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग में रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम और लिशा दास सीधे मेडल इवेंट में उतरेंगे।

जूडो में ईशरूप नारंग, अवतार सिंह और यश घंघास मुकाबले खेलेंगे। भारत अब तक 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज सहित 39 मेडल जीत चुका है और मेडल टैली में चौथे स्थान पर हैं।

दिन की शुरूआत ट्रैक साइक्लिंग की पुरुष 40 किमी प्वाइंट्स रेस से होगी। दिनेश कुमार और हर्षवीर सिंह सेखों पहले राउंड में उतरेंगे। क्वालिफाई करने पर दोनों खिलाड़ी रात 9:09 बजे होने वाले फाइनल में हिस्सा लेंगे। महिला 78 किग्रा वर्ग में ईशरूप नारंग का मुकाबला स्कॉटलैंड की निकोल वुड से होगा। वहीं पुरुष 100 किग्रा वर्ग में अवतार सिंह साइप्रस के एरिस्टोस माइकल से भिड़ेंगे। पुरुष +100 किग्रा वर्ग में यश घंघास अपना अभियान शुरू करेंगे।

यदि भारतीय खिलाड़ी शुरूआती मुकाबले जीतते हैं तो वे क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। जूडो के सेमीफाइनल मुकाबले शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

ट्रैक साइक्लिंग में भारत के स्टार साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम पुरुष 1000 मीटर टाइम ट्रायल फाइनल में उतरेंगे। यह सीधा मेडल इवेंट होगा। पैरा साइक्लिंग में लिशा दास महिला सी4-सी5 1000 मीटर टाइम ट्रायल फाइनल में हिस्सा लेंगी। यह भी सीधा मेडल इवेंट है।

## खबर एक नजर...

### खेत में खंबे गाढ़ने पर 2 पक्षों में चले चाकू-सब्बल

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कनासिया में रहने वाले मांगीलाल पिता बंशीलाल चौधरी 65 साल और कमल किशोर पिता राजाराम चौधरी 40 साल के खेत ग्राम बगोदा मार्ग पर पास-पास है। शनिवार दोपहर खेत की मेढ़ पर खंबे गाढ़ने की बात पर दोनों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। दोनों के परिजन भी विवाद में शामिल हो गये। कमलकिशोर ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें मांगीलाल के परिवार का सदस्य लखन चौधरी घायल हो गया। मांगीलाल ने श्रीराम के साथ मिलकर कमलकिशोर पर सब्बल-पत्थर से वार किये। गांव वालों ने विवाद देख दोनो पक्षों में बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। दोनों पक्ष घायल होने पर शिकायत दर्ज कराने तराना थाना पहुंचे। पुलिस ने मामले में क्रॉस प्रकरण दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार है। पूर्व में भी खेत की जमीन को लेकर इनके बीच विवाद की स्थिति बन चुकी थी।

### प्रेमप्रसंग में युवक के परिवार का रास्ता रोक हमला

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम डेलची की रहने वाली युवती प्रेमप्रसंग के चलते ग्राम चिकली के रहने वाले युवक के साथ 27 जुलाई को लापता हो गई थी। युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस युवती की तलाश में लगी थी, इसी बीच शुक्रवार-शनिवार रात युवक के पिता के 2 भाई दुलेसिंह और कालूसिंह कार से अपने गांव चिकली लौट रहे थे, रास्ते में युवती के पिता, भाई और रिश्तेदारों ने दुलेसिंह और कालूसिंह की कार को रूपाखेड़ी-घौंसला मार्ग पर सामानेररा-टुकराल के बीच रोक लिया और हमला कर कार के कांच फोड़ दिये। दोनों भाईयों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। घटनाक्रम के बाद दोनों भाई माकडोन थाने पहुंचे और जितेन्द्र, शंभुसिंह और अन्यों के खिलाफ हमला करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुलेसिंह की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि प्रेमप्रसंग के चलते लापता हुये युवक-युवती बालिग है और उन्होने कोर्ट मैरिज कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होने पुलिस को लिखित में पोस्ट की है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत का कहना था कि युवती के लापता होने का मामला दर्ज है, उसकी दस्तयाबी जल्द कर कोर्ट में बयान दर्ज कराये जायेगें।

### जेसीबी चालक पर 15 दिन बाद लापरवाही का प्रकरण

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के उज्जैन मार्ग ब्रिज पर चकोर कंस्ट्रक्शन के सामने जेसीबी से गुमटी उठाते समय चालक की लापरवाही से जेसीबी का पंजा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया था। जिसके चलते करंट फैलने पर मेहरबानसिंह बंजारा और दिनेश बंजारा करंट लगने से झुलस गये थे और संदीप पिता मेहरबानसिंह भाटी की मौत हो गई थी। एसआई राजेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। 15 दिन में जांच पूरी होने पर चालक बालेश्वर के खिलाफ लापरवाही से जेसीबी आपरेटर करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पूर्व में जेसीबी जप्त कर ली गई थी, अब चालक की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### एसपी ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को किया सम्मानित



**उज्जैन।** नशा मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलाया गया था। युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिये सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की मदद ली गई थी। जिन्होने 15 दिनों तक सोशल मीडिया की शक्ति से नशामुक्त समाज के निर्माण में सकारात्मक पहल करते हुये युवाओं को नशे से दूर रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। सोशल मीडिया के युग में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की भूमिका की सराहना करते हुये एसपी प्रदीप शर्मा ने शनिवार को इंफ्लुएंसर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी शर्मा ने बताया कि पिछले 15 दिनों तक चलाये गये नशामुक्त समाज अभियान काफी सफल रहा। जागरूकता अभियान के दौरान कई युवाओं की काउंसिलिंग की गई और उन्हे नशे की लत से बाहर निकाला गया। नशे के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के समाप्त होने पर यह ना समझे की पुलिस और आमजन के बीच संवाद खत्म हो गया है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में ऐसी कोई जानकारी मिले तो पुलिस से साझा की जाये।

### महाकाल सवारी मार्ग से नालियों पर अवैध अतिक्रमण हटाया

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की राजसी सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने शनिवार को सवारी मार्ग पर नालियों के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए। गोपाल मंदिर, छत्री चौक, पटनी बाजार, कमरी मार्ग और होटल वाली गली सहित कई क्षेत्रों में जेसीबी की मदद से अस्थायी निर्माण हटाकर मार्ग को व्यवस्थित किया गया। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर हुई कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सवारी मार्ग पर किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम ने दुकानदारों से अपील की है कि वे नालियों, फुटपाथ और सार्वजनिक मार्ग पर सामान न रखें तथा निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय करें, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

मामला उजागर होने पर लगाया था हनीट्रेप और ब्लैकमेलिंग का आरोप

# दुष्कर्म मामले में फंसे महामंडलेश्वर की तलाश में दबिश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




निर्मोही अखाड़े से जुड़े महामंडलेश्वर पर लगे दुष्कर्म के आरोप की जांच के बाद शुक्रवार-शनिवार रात पुलिस ने आरोप लगाने वाली महिला के बयान दर्ज कर महामंडलेश्वर के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस गिरफ्तारी के लिये आश्रम पहुंचती उससे पहले महामंडलेश्वर लापता हो गया। जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

महाकाल थाना क्षेत्र के सदावल मार्ग स्थित दादू आश्रम के संचालक और महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज के खिलाफ कुछ दिनों पहले शाजापुर की रहने वाली महिला ने दुष्कर्म, मारपीट, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। मामला उजागर होने पर महामंडलेश्वर द्वारा महिला पर हनीट्रेप और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुये लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी। पुलिस ने दोनों ओर से लगाये गये आरोपों की जांच शुरू की, शुक्रवार-शनिवार रात महिला के बयान दर्ज किये गये और मेडिकल परीक्षण कराया गया। महिला के आरोप सही साबित होते दिखाई दिये, जिसके बाद महाकाल थाना पुलिस द्वारा महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया। शनिवार सुबह पुलिस की टीम गिरफ्तारी के लिये आश्रम पहुंची तो पता चला कि महामंडलेश्वर लापता है। शिष्य ने बताया कि तबीयत खराब होने की जानकारी देकर उपचार कराने के लिये आश्रम से निकले थे फिर नहीं लौटे। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि महाराज के मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उनकी जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल बंद होना पाया गया। गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई और कुछ स्थानों पर दबिश दी गई। शनिवार देर रात तक महाराज की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।

#### सालभर पहले हुई दोनों की मुलाकात

महामंडलेश्वर पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला ने बताया कि वह सालभर पहले उज्जैन आई थी। उस दौरान महाराज से मुलाकात हुई थी। महाराज ने फेसबुक पर मैसेज भेज दोस्ती की और धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर आश्रम बुलाया। कुछ दिन आश्रम में रूकी उसी दौरान उसका शोषण किया गया। विरोध करने पर मारपीट की और धमकाया गया। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास भी किया गया। महिला ने ज्ञानदास और उसके बीच हुई वाट्सएप चैट भी पुलिस को उपलब्ध कराई और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने का आरोप भी लगाया। महिला द्वारा गृहमंत्री से लेकर डीजीपी, आईजी, पुलिस अधीक्षक तक को शिकायत की गई थी।

#### आरोप पर बोले थे फंसाने की साजिश

कुछ दिन पहले मामला उजागर होने के बाद महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज भी सामने आये थे और अपने ऊपर लग रहे आरोपों को खारिज करते हुये कहा था कि बदनाम करने और झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची जा रही है। महिला एक साल से उन्हें ब्लैकमेल कर हनीट्रेप में फंसाने का प्रयास कर रही थी। उनका कहना था कि महिला की ब्लैकमेलिंग से जुड़े ऑडियो, वीडियो और अन्य दस्तावेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

---

चोरी का माल खरीदने और सहयोग करने वाले बने आरोपी

# गिरफ्त में श्मशान घाट में चोरी करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



श्मशान घाट पर बने कमरे में चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्त में आया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद बदमाश के साथ चोरी का सामान बेचने में सहयोग करने वाले और खरीदने वाले 3 अन्यों को भी आरोपी बनाया है। चारों को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

महिदपुर के सत्या श्मशान घाट में 28 जुलाई की रात अज्ञात बदमाश ने कमरे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया था। मामले की शिकायत पुलिस को प्रमोद पिता देवीलाल दावरे निवासी वाल्मिकी गली महिदुपर द्वारा दर्ज कराई गई थी और बताया गया था कि बदमाश कमरे के दरवाजे का नकुचा तोड़कर ब्लोर मशीन, पंखा, माईक चलाने की मशीन, तांबे का लोटा, माइक, दो युनिट चिलम की, स्टील की बाल्टी व स्टील के बर्तन, सीसीटीवी कैमरे की मैमोरी कार्ड तथा पेटी में रखा लोहे का अन्य सामान चुराकर ले गया है। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है। श्मशान घाट में हुई चोरी में शामिल बदमाशों का पता लगाने के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया, एएसआई पन्नालाल अलावे, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, नारायणसिंह, आरक्षक राघव गुर्जर, मोसिम की टीम बनाई गई। टीम ने 2 दिन की तलाश के बाद चोरी के मुख्य आरोपी शोहराब पिता अजीज खान 30 साल निवासी बैरजाली महिदपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने कबूल किया कि चोरी का सामान असलम उर्फ वकार पिता मुस्लिम शाह फकीर मोहल्ला की मदद से रईश पिता बब्बू उर्फ बबलू खान और अकरम पिता मोहम्मद गनी निवासी फकीर मोहल्ला महदिपुर को बेच दिया है। पुलिस ने चोरी का सामान बेचने और खरीदने वालों की तलाश कर उन्हे भी गिरफ्तार कर मामले में आरोपी बनाया और चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार चोरी का मुख्य आरोपी अपराधिक प्रवृति का है। उसके खिलाफ वर्ष 2010 से 2026 के बीच बलवा, रास्ता रोककर मारपीट, गालीगलौच, जान से मारने की धौंस देना प्रकरण दर्ज है। उसका सहयोगी अकरम भी बलवा करने का आरोपी रह चुका है। चारों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

# माल बरामद नहीं हुआ तो कंजरों का बढ़वाया रिमांड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सूने मकानों में वारदात करने के साथ बाइक चोरी में शामिल 2 कंजरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों को रिमांड लिया गया था, इस दौरान चोरी का आधा माल बरामद कर लिया गया था, शेष माल बरामद नहीं होने पर शनिवार को कोर्ट से 2 दिनों की रिमांड अवधि बढ़वाई गई।

चार दिन पहले चिमनगंज और नागझिरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कंजर गिरोह के 2 शातिर बदमाशों अविनाश हाड़ा और अमिष झांझा निवासी रूलकी शाजापुर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चिमनगंज और नागझिरी थाना क्षेत्र के चार घरों में हुई चोरी का खुलासा होने के साथ चोरी की 11 बाइक का मामला भी सामने आया था। पुलिस ने 11 बाइक बाइक बरामद करने के साथ 7 लाख कीमत के आभूषण बरामद कर लिये थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने दोनों को 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया। चोरी का शेष माल बरामद नहीं हो पाने की स्थिति में दोनों की रिमांड अवधि 2 दिन ओर बढ़वाई गई। जो कोर्ट ने मंजूर कर ली। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र की चोरी का शेष माल बरामद कर 3 अगस्त को कोर्ट में पेश किया जायेगा। कंजर गिरोह से माधवनगर, कायथा, इंदौर, नागझिरी थाना क्षेत्र की नकबजनी और बाइक चोरी का खुलासा हुआ है। जिसके चलते संबंधित थाना पुलिस प्रोटेक्शन रिमांड प्राप्त कर सकती है।

---

# चाचा को उपलब्ध कराई थी एमडी ड्रग्स

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बुंदेला गैंग के बदमाश को 3 माह पहले एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। बदमाश ने अपने भतीजे द्वारा ड्रग्स उपलब्ध कराना कबूला था। भतीजा अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर चिमनगंज पुलिस जेल से थाने लेकर आई है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने अप्रैल माह में गरोठ ब्रिज के नीचे से आई-20 कार से बुंदेला गैंग के बदमाश धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को 28 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने कबूला किया था कि ड्रग्स भतीजे यशवेन्द्र उर्फ छिग्गु बुंदेला ने उपलब्ध कराई थी। पुलिस ने छिग्गु को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन वह फरार हो गया था, उसकी तलाश जारी थी तभी खबर सामने आई कि छिग्गु बुंदेला और उसके साथी अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में आ गये है। चिमनगंज थाना पुलिस ने ड्रग्स मामले में फरार छिग्गु बुंदेला की गिरफ्तारी के लिये कोर्ट से प्रोटेक्शन रिमांड मांगा था। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि कोर्ट से अनुमति मिलने पर आरोपी को 3 अगस्त तक के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया है। उसके द्वारा अपने चाचा को उपलब्ध कराई गई ड्रग्स के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी कुछ माह पहले ढांचा भवन में आगजनी के मामले में भी शामिल रहा था, इस संबंध में भी पूछताछ जारी है। विदित हो कि बुंदेला गैंग के बदमाश यशवेन्द्र को कुछ दिनों पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया था। बदमाश के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज है और वह काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गैंग के कई सदस्य पूर्व में जेल भेजे जा चुके हैं।

**जेल से पूछताछ के लिये लाई पुलिस**

### दीपों की ज्योति और नगाड़ों की गूंज से आलोकित हुआ मौन तीर्थ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर मार्ग स्थित श्री मौन तीर्थ परिसर में एक बार फिर पावन गंगा आरती का दिव्य क्रम प्रारंभ हो गया है। प्रतिदिन संध्याकाल में वैदिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित हो रही गंगा आरती से पूरा परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो रहा है। इस अवसर पर बीते दिवस विदेश मंत्रालय में कार्यरत भोपाल निवासी विशाल कालिया अपनी धर्मपत्नी शिखा कालिया एवं परिवार सहित गंगा आरती में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत मां गंगा का पूजन-अर्चन कर आरती में सहभागिता की तथा मौन तीर्थ परिसर के शांत, आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण की सराहना की। मौन तीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरी महाराज के सानिध्य में पंडितों द्वारा विधि-विधान से मां गंगा का पूजन-अर्चन एवं आरती की जा रही है। आरती के दौरान दीपों की मनोहारी आभा, वैदिक मंत्रोच्चार, मधुर आरती और नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बन जाता है।

स्नेक पार्क का भ्रमण कर देखी कई प्रजातियां

# होमगार्ड जवान सीख रहे सांप पकड़ने का तरीका

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक नगरी और गृहनगर आये मुख्यमंत्री ने गुरूवार को स्नेक पार्क का निरीक्षण किया था और सर्प मित्र नगरी बनाने की बात कहते हुये होमगार्ड जवानों का सांपों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने की बात कहीं थी। शनिवार को होमगार्ड जवानों ने स्नेक पार्क का भ्रमण किया और सांपों की प्रजातियां देखी।

होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि सिंहस्थ 2028 की दृष्टि होमगार्ड कैंप में 150 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को स्नेक कैचिंग और एमएफआर के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिले की अलग-अलग तहसीलों से आये नवयुवकों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शनिवार को एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर होमगार्ड कैंपस पहुंचे थे। उन्होने स्नेक कैचिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सर्प हमारे दुश्मन नहीं है, इन्हें हमें



शत्रुवत नहीं देखना चाहिए। इन्हें भूल कर भी क्षति नहीं पहुंचाना चाहिए, बल्कि हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। जब हम किसी भी सांप को पकड़ते हैं तो उसे हमें सुरक्षित रूप से स्नेक पार्क में छोड़ना चाहिए। सिंहस्थ 2028 में जब असंख्य लोग यहां उज्जैन आएंगे, ऐसे में सिविल डिफेंस के यह प्रशिक्षित स्नेक कैचर हमारे लिए बहुत उपयोगी रहेंगे। उन्होंने प्रथम उपचार और घायल व्यक्ति की किस प्रकार मदद करनी चाहिए इसके बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान एसडीआरएफ, होमागार्ड के जवानों के साथ अधिकारी और डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही। होमगार्ड कैंपस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को दोपहर बाद नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में स्नेक पार्क का भ्रमण कराया गया। जहां उन्होने सांपों के जीवन को करीब से देखा और उनकी प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सर्प विशेषज्ञों से उन्हे सुरक्षित पकड़ने और उद्यानों तक छोड़ने के तरीके सीखे।

---

# बड़नगर में मिलावटी घी के संदेह में 372 लीटर घी जब्त

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया करीब 1.37 लाख रुपये मूल्य का घी सीज, जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावटी होने के संदेह में कुल 372 लीटर देसी घी जब्त किया। जब्त घी के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर उज्जैन के निदेर्शानुसार जिले में दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार 1 अगस्त 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बड़नगर तहसील में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नयापुरा स्थित










जय भारत एजेंसी पर श्री कृष्णा देसी घी के नाम से 200 मिलीलीटर, 500 मिलीलीटर, 1 लीटर और 15 किलोग्राम की पैकिंग में बड़ी मात्रा में संग्रहित मिला। जांच में सामने आया कि यह घी इंदौर स्थित वरुण मार्केटिंग से 360 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा गया था। बाजार मूल्य की तुलना में कम कीमत होने पर गुणवत्ता को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ, जिसके चलते विभाग ने 337 लीटर घी, जिसकी अनुमानित कीमत 1,21,320 रुपये है, जब्त कर लिया।

#### जिलेभर में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा

- इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी रोड, बड़नगर स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। यहां डेयरी मिल्क एगमार्क देसी घी की 5 लीटर और 500 मिलीलीटर पैकिंग में कुल 35 लीटर घी मिला। संदेह के आधार पर लगभग 16,170 रुपये मूल्य का यह घी भी जब्त कर नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिए गए।
- खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलेभर में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com